दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करणःटोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 186 टोंक | शुक्रवार,07 मार्च, 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष अष्टमी संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 4.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर

$28.0^{0}$ अधिकतम तापमान

$16.0^{0}$ न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेंक्स | 74,340.09 +609.87 (0.83%)

निफ्टी | 22,544.70 +207.40 (0.93%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना | 88,255 /10g

चांदी | 99,000 /Kg

## संक्षिप्त समाचार

### एमपी की कोयला खदान में दबकर 3 कर्मचारियों की मौत

#### साढ़े 3 किमी अंदर छत धंसी; बैतूल में वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड हादसा

बढ़ता राजस्थान

**बैतूल ( एजेंसी )।** बैतूल में कोयला खदान में दबकर 3 कर्मचारियों की मौत हो गई। तीनों के शव खदान से बाहर निकाल लिए गए हैं। शवों को घोड़ाडोंगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है, जहां शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम किया जाएगा। हादसा वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड पाथाखेड़ा क्षेत्र में गुरुवार दोपहर 3 बजे हुआ। यहां छतरपुर-1 खदान के मुहाने से करीब 3.5 किलोमीटर अंदर कंट्यूनर माइनर सेक्शन में कर्मचारी काम कर रहे थे। इसी दौरान छत ढह गई। बताया जा रहा है कि कोयला खदान की 10 मीटर की छत गिर गई थी। एसपी निश्चल झारिया ने इन तीनों की मौत होने की पुष्टि की है। एसडीएम अभिजीत सिंह ने बताया कि सिर्फ तीन केजुअल्टी ही है।

### गहलोत ने मणिशंकर अय्यर को बताया सिरफिरा

#### बोले- राजीव गांधी और पाकिस्तान पर उनके बयान फ्रस्ट्रेशन की पराकाष्ठा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर के राजीव गांधी के कैंब्रिज और इंपीरियल कॉलेज से फेल होने वाले बयान पर सियासी वार पलटवार शुरू हो गया है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने मणिशंकर के बयानों को फ्रस्ट्रेशन की पराकाष्ठा बताते हुए उन्हें सिरफिरा करार दिया है। जयपुर में सरकारी बंगले पर मीडिया से बातचीत में गहलोत ने कहा- यह जो राजीव गांधी को लेकर बोले हैं, कौन किस कॉलेज में पास होता है या फेल होता है, उससे मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बनने न बनने का क्या संबंध है? जिस रूप से पाकिस्तान और राजीव गांधी के बारे में उनके बयान आए हैं, वो फ्रस्ट्रेशन की पराकाष्ठा है। इतना फ्रस्ट्रेशन आ चुका है। ऐसे में कौन व्यक्ति क्या बोलता है, उसे पता नहीं रहता। उन्होंने कहा- कोई सिरफिरा आदमी ही राजीव गांधी को लेकर ऐसी बात बोल सकता है। जिन्होंने देश-विदेश में भारत का मान बढ़ाया। गहलोत ने कहा- उनके वक्त में जो कानून पास हुए, वो मिसाल हैं।

**राजस्थान विधानसभा**

# पानी तो बालाजी ही पैदा करेंगे, हम बिजली पैदा कर सकते हैं

## सरकार चोरी रोकने के लिए कानून लाएगी, जेल होगी : जलदाय मंत्री

### रात 12 बजे तक चली विधानसभा की कार्यवाही



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में पहली बार रात 12 बजे तक कार्यवाही चली। जलदाय की अनुदान मांगों पर बहस का जवाब देते हुए जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि बालाजी की कृपा से खूब बारिश हुई है, और अब भी बालाजी ही करेंगे।

मंत्री ने कहा- हम बिजली पैदा कर सकते हैं लेकिन जल तो बालाजी ही पैदा करेंगे। जिनको आस्था नहीं है उनकी अलग बात है, हम तो विश्वास करेंगे। करेंगे तो बालाजी ही। जलदाय मंत्री ने पिछले साल कहा था- मैं बालाजी नहीं हूं जो पानी ला दूं। जिस पर खूब विवाद हुआ था। अनुदान मांगों पर बहस के दौरान जलदाय मंत्री ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि पानी चोरी करने वालों को जेल भेजने के प्रावधान वाला कानून लाया जाएगा। इस कार्यवाही में नेता प्रतिपक्ष ने मंत्री के पिछली कांग्रेस सरकार पर लगाए आरोपों पर आपत्ति जताई। इस पर काफी देर तक नोकझोंक चलती रही। मामले को शांत करते हुए संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा- मंत्री का जवाब तो सुनना पड़ेगा। आप इतनी देर से बोल रहे थे, मंत्री सुन रहे थे, अब उनका जवाब तो सुनना पड़ेगा।



#### मंत्री ने कहीं ये 5 अहम बातें

**1. प्राचीन जल स्रोतों का होगा जीर्णोद्धार-** जलदाय मंत्री ने कहा कि बालाजी महाराज की कृपा से हुई खूब बारिश से पानी की आवक बढ़ी है। सभी पुराने कुएं-बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। साफ-सफाई के बाद इन पर सोलर मोटर लगाकर पेयजल आपूर्ति में उपयोग किया जाएगा।

**2. अफसरों की बदली मानसिकता-**मंत्री ने बताया कि पहले बांसवाड़ा जैसे जिलों में पोस्टिंग के लिए बोलियां लगती थीं। अब स्थिति यह है कि अधिकारी फील्ड में जाने से कतराते हैं और दफ्तर में पोस्टिंग चाहते हैं, क्योंकि फील्ड में ईमानदारी से काम करना पड़ता है।

**3. पानी चोरी रोकने के लिए विशेष पहल-** बिजली विभाग की तर्ज पर अब पानी चोरी रोकने के लिए भी विजिलेंस टीम बनेगी। बिजली विभाग की विजिलेंस टीम के साथ अतिरिक्त कर्मचारियों को जोड़कर पानी चोरी पर नकेल कसी जाएगी। जल्द ही पानी चोरी और अवैध कनेक्शन पर सजा का प्रावधान वाला बिल लाया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इसका प्रारूप तैयार हो चुका है। उन्होंने नागौर का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां पेयजल पाइपलाइन से 600 बीघा में अवैध सिंचाई पकड़ी गई।

**4. अवैध कनेक्शन पर कड़ी कार्रवाई-**मंत्री ने पानी के अवैध कनेक्शन को कैंसर की बीमारी बताया। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकर्ताओं के खिलाफ भी 15 एफआईआर दर्ज कराई और 3 लाख से अधिक का जुर्माना लगाया। उनका मानना है कि कानून का भय जरूरी है। मलसीसर पंप हाउस पर फ्लोटिंग सोलर पैनल लगाए जाएंगे। भविष्य में सभी पेयजल योजनाओं में सोलर पैनल का उपयोग किया जाएगा।

**5. उपभोक्ता सेवा में सुधार-**पानी उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए एक विशेष कंज्यूमर सेल की स्थापना की जाएगी। यह सेल उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करेगा।

### भाजपा विधायक और सरकारी मुख्य सचेतक भिड़े

#### गर्ग ने कहा- अपने दिमाग से गंदगी को निकाल दो, धनखड़ बोले- मैं आपकी कृपा से विधायक नहीं हूं

विधानसभा में अनुदान मांगों पर बोलने वालों की लिस्ट से नाम काटे जाने के मुद्दे को लेकर भाजपा विधायक कुलदीप धनखड़ और सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के बीच जमकर नोक-झोंक हुई। दोपहर में लंच टेबल पर दोनों ने एक-दूसरे को जमकर खरी-खोटी सुनाई। इस दौरान कई विधायक भी मौजूद थे, सीनियर नेताओं ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया। धनखड़ स्वास्थ्य की अनुदान मांगों पर बोलना चाहते थे, लेकिन सचेतक ने उनका नाम नहीं लिखा, इस मुद्दे पर बात इतनी बढ़ी कि कई विधायकों की मौजूदगी में लंच के दौरान भिड़ गए। इससे पहले कांग्रेस विधायक डॉ शिखा मील बराला ने राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज में गैर डॉक्टर को कुलपति बनाए जाने पर सवाल उठाए। हेल्थ विभाग की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान शिखा मील बराला ने कहा-आरयूएचएस में एक नई पर्ची के हेल्थ विभाग के गलियारों में बड़े चर्चे हैं। आरयूएचएस वीसी पद पर महाराष्ट्र के रहने वाले फार्मासिस्ट को लगाया गया है, यह राजस्थान के सभी वरिष्ठ और अनुभवी डॉक्टर्स पर सवालिया निशान है। ये वहीं डॉक्टर हैं, जिन्होंने अपने करियर में हजारों स्पेशलिस्ट तैयार कर दिए। क्या राजस्थान का एक भी डॉक्टर इस पद के लायक नहीं था?

**कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर जमकर हंगामा-**इससे पहले विधानसभा में शून्यकाल के दौरान खराब कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायकों ने वैल में आकर हंगामा किया। हंगामे के कारण स्पीकर ने सदन की कार्यवाही को दोपहर एक बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। दोपहर 1 बजे सदन की कार्यवाही फिर से शुरू हुई।

# बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को फटकारा

### प्रयागराज में अतीक की प्रॉपर्टी समझ 5 मकान ढहाए, उन्हें सरकारी खर्च पर बनवाना होगा

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन को लेकर एक बार फिर यूपी सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा, वह प्रयागराज में गिराए गए मकानों को सरकार के खर्च पर दोबारा बनवाने का आदेश दे सकता है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक- प्रयागराज के वकील जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद, दो महिलाओं और एक अन्य व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इन सभी के घर अगल-बगल में एक ही प्लॉट पर थे। मार्च 2021 में नोटिस मिलने के एक दिन बाद ही उनके घर गिरा दिए गए थे। न नोटिस देने का टाइम दिया गया, न ही कानूनी बचाव का मौका मिला। पीड़ितों का कहना है कि राज्य सरकार ने गलती से उनकी जमीन को गैंगस्टर अतीक अहमद की संपत्ति मान लिया था।

#### इस तरह तोड़फोड़ चौंकाने वाली

5 मार्च को इस मामले की सुनवाई हुई, जिसकी रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा, इस तरह की तोड़फोड़ चौंकाने वाली है और गलत संकेत देती है। इसमें सुधार की आवश्यकता है। राज्य सरकार की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी पेश हुए। उन्होंने कहा, उनके पास याचिकाकर्ताओं की संपत्ति को गिराने के लिए नोटिस देने के कारण मौजूद हैं।



#### अतीक अहमद की जमीन समझ ली थी

पीड़ितों की तरफ से वकील अभिमन्यु भंडारी दलील दे रहे थे। उन्होंने कहा, अतीक अहमद नाम का एक गैंगस्टर था, जिसकी 2023 में हत्या कर दी गई थी। उन्होंने हमारी (पीड़ितों की) जमीन को उसकी जमीन समझ लिया। उन्हें (राज्य को) अपनी गलती स्वीकार कर लेनी चाहिए। अटॉर्नी जनरल ने कहा, याचिकाकर्ताओं को नोटिस का जवाब देने के लिए उचित समय दिया गया था। लेकिन जस्टिस ओका इससे सहमत नहीं हुए। उन्होंने कहा, नोटिस इस तरह क्यों चिपकाया गया? कूरियर से क्यों नहीं भेजा गया? कोई भी इस तरह नोटिस देगा और तोड़फोड़ करेगा। ये तोड़फोड़ का एक ऐसा मामला है, जिसमें अत्याचार शामिल है। आप कहते हैं कि डाक से भेजने की कोई प्रक्रिया नहीं है। यहां नोटिस डाक से भेजा गया है।

**अटॉर्नी जनरल बोले- मैं तोड़फोड़ का बचाव नहीं कर रहा-**अटॉर्नी जनरल ने कहा, नोटिस देने के समय वो व्यक्ति वहां था या नहीं, इस पर विवाद है। मैं तोड़फोड़ का बचाव नहीं कर रहा हूं, लेकिन हाईकोर्ट को इस पर विचार करने देना चाहिए।


### महिला-दिवस पर स्मारकों में महिलाओं की एंट्री फ्री

#### जयपुर में धुलंडी पर आमेर, नाहरगढ़ अल्बर्ट हाल, जंतर मंतर समेत कई स्मारक बंद रहेंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं और बालिकाओं को ऐतिहासिक स्मारक और संग्रहालय में फ्री में प्रवेश दिया जाएगा। महिलाओं और बालिकाओं को कला व संस्कृति से रूबरू करवाने के लिए समस्त स्मारकों और संग्रहालय में एंट्री फ्री की जाएगी।

पुरातत्व विभाग के निदेशक पंकज धरेंद्र ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। वहीं, 8 मार्च को आईफा की शुरुआत हो जाएगी। ऐसे में देसी विदेशी महिला सैलानियों के बीच राजस्थानी विरासत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार हो सकेगा। इससे पूर्व



राज्य सरकार की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दौरान फ्री बस यात्रा की अनुमति दी जाती रही है।




# खालिस्तान समर्थकों ने लंदन में जयशंकर की कार घेरी

## तिरंगा लेकर विदेश मंत्री के सामने पहुंचे और उसे फाड़ दिया

बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर ( एजेंसी )।** विदेश मंत्री एस जयशंकर की गाड़ी को लंदन में खालिस्तानी समर्थकों ने घेर लिया। उनमें से एक ने उनकी गाड़ी के सामने आकर तिरंगा भी फाड़ा। विदेश मंत्री इस समय लंदन में हैं। उन्होंने यहां चैथम हाउस थिंक टैंक के एक विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया था।

इस कार्यक्रम के खत्म होने के बाद जैसे ही वे अपनी कार की तरफ बढ़े। वहां पहले से विरोध कर रहे खालिस्तान समर्थकों ने उन्हें देखकर नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद एक शख्स तिरंगा लेकर उनकी कार के आगे खड़ा हो गया और रास्ता रोक लिया। इस दौरान उसने भारत के राष्ट्रीय ध्वज को फाड़ने जैसी शर्मनाक हरकत भी की।

#### प्रदर्शन से भारतीयों में नाराजगी

खालिस्तान समर्थक की तिरंगा फाड़ने की हरकत को देखते ही सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया और गाड़ी से दूर ले गए। ये पूरी घटना विदेश मंत्री की सुरक्षा में चूक के तौर पर देखी जा रही है।

जब जयशंकर चैथम हाउस में पहुंचे थे, उससे पहले ही खालिस्तानी समर्थक वहां मौजूद थे और सड़क के दूसरी तरफ खालिस्तानी झंडे लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बावजूद जयशंकर के बाहर आते समय सुरक्षा घेरा नहीं बढ़ाया गया।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना से भारतीय समुदाय में आक्रोश है। इस घटना के बाद




लंदन में भारतीयों ने विरोध जताया। लोग ब्रिटिश सरकार से मांग कर रहे हैं कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। भारत सरकार से भी इस मुद्दे को कूटनीतिक स्तर पर उठाने की उम्मीद है।

## सम्पादकीय

# अनिश्चित जलवायु का कैसे हो नियमन

मानवता की सारी ऊर्जा इन दिनों खुद पर ही लगी हुई है और जलवायु का एजेंडा अब उसकी शीर्ष प्राथमिकताओं में नहीं है। पश्चिम के लोकतंत्रों के पास विकासशील देशों को देने के लिए धन नहीं है, विकासशील देश भी वृद्धि तथा दूसरी प्राथमिकताओं पर समझौता करने को तैयार नहीं हैं और बाकी कुछ मायने नहीं रखता। इसलिए वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस वृद्धि का लक्ष्य बहुत जल्दी पार होने वाला है।

इधर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) का अनुमान है कि मौजूदा तौर-तरीके और नीतियां चलती रहीं तो इस सदी के अंत तक तापमान 1.9 से 3.1 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा। बढ़ोतरी कितनी होती है यह इस बात पर निर्भर करेगी कि विभिन्न सरकारें ऊर्जा बदलाव के लिए क्या कदम उठाती हैं। गर्मी में इजाफे के असर को हम मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में रख सकते हैं। पहली श्रेणी में खुद गर्मी आती है और देखा जाता है कि इसका जीव-जंतुओं और हमारी बेहतरी के लिए क्या अर्थ है। दूसरी है गर्मी बढ़ने पर मौसम में अस्थिरता। इसे अतिरंजित मौसम से होने वाले नुकसान के रूप में देखा जा सकता है। बीते कुछ दशकों में गर्मी में अच्छा खासा इजाफा हुआ है और मौसम की अतिरंजना भी पहले से ज्यादा दिखने लगी है। ज्यादा गर्मी होने पर हमें अपने घर, वाहन और सड़कें बेहतर तरीके से बनाने होंगे और वातावरण को कृत्रिम तरीके से ठंडा रखने का इंतजाम भी करना होगा। लू, तूफान, सूखा, बाढ़ और बादल फटने जैसी मौसमी अतिरंजना बढ़ने के कारण सरकारों और समुदायों को स्थानीय स्तर पर आ रही जलवायु आपदाओं से निपटने के लिए बेहतर क्षमता निर्माण करना होगा। यह सब मुश्किल और खर्चीला तो होगा मगर नामुमकिन कतई नहीं होगा। दूसरे शब्दों में कहें तो जलवायु परिवर्तन महंगा और मुश्किल होगा मगर बढ़ते तापमान और मौसम के उतारचढ़ाव से तो निपटा ही जा सकता है। मगर इसके प्रभावों की तीसरी श्रेणी भी है, जिसकी बात अक्सर जलवायु विज्ञानी और विनाश आने की आशंका जताने वाले करते हैं। ये जलवायु से जुड़ी वे स्थितियां हैं, जहां किसी एक देश या क्षेत्र में हुई मामूली घटना दुनिया भर की जलवायु को बदल सकती है। ऐसी कुछ घटनाओं में ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका में बर्फ का पिघलना और इसकी वजह से समुद्र में जल स्तर एवं तापमान बढ़ना है। साइबेरिया में बर्फ पिघल रहा है, जिससे भारी मात्रा में ग्रीनहाउस गैस निकल सकती है और उत्सर्जन में कमी लाने के सभी मानवीय प्रयासों पर पानी फिर सकता है। इसी तरह अटलांटिक मेरिडायनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन (एमॉक) के पतन से यूरोप और उत्तर अमेरिका का मौसम एकदम बदल सकता है। कहा तो यह तक जा रहा है कि मॉनसून भी इससे प्रभावित हो सकता है। जलवायु मॉडल तैयार करने वालों ने यह पता लगाने की कोशिश की है कि मौसम में बदलाव लाने वाली ऐसी स्थितियां कब तक और कैसे बनेंगी। किंतु यह आसान नहीं है क्योंकि वे ऐसी घटना का अनुमान लगा रहे हैं, जो हमारी याद में कभी घटी ही नहीं है। मगर एक बात तो तय है - तापमान बढ़ेगा तो ऐसी स्थितियों या घटनाओं की संभावना भी बढ़ेगी। अधिक गर्मी, मौसम में बार-बार चरम बिंदु आना और जलवायु बदल देने वाली स्थितियों की बढ़ती संभावनाएं वास्तव में चिंता में डाल रही हैं। पूरी दुनिया साथ मिलकर इसका कोई समाधान नहीं निकाल रही, इसलिए जियोइंजीनियरिंग के तहत अलग-अलग समाधान निकाले जा रहे हैं। इनमें पौधों के जीन में तब्दीली कर उसका जीवन बढ़ाना शामिल है ताकि वह अधिक कार्बन डाई ऑक्साइड सोख सके। धरती तक पहुंचकर उसे गर्म कर रहे सौर विकिरण को कम करना भी इसी का उदाहरण है। ऐसे कई विकल्प हैं, जिनमें से अधिकतर सूर्य की कुछ रोशनी अंतरिक्ष में वापस भेजने की जुगत भिड़ा रहे हैं। स्ट्रैटोस्फेरिक एरोसॉल इंजेक्शन ऐसा ही एक तरीका है। इसमें स्ट्रैटोस्फेयर (पृथ्वी के चारों ओर वातावरण की दूसरी परत) में एरोसॉल छोड़ा जाता है।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 7 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ


- रोमन सम्राट कॉन्स्टेंटाइन प्रथम ने सन 321 में रविवार को राजकीय विश्राम का दिन घोषित किया जो ईसाई मान्यताओं के अनुरूप था।
- ब्रिटेन के बोस्टन पोर्ट को 1774 में सभी वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए बंद कर दिया।
- भारत में 1835 में यूरोपीय साहित्य और विज्ञान के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने का प्रस्ताव लाया गया।
- चार्ल्स मिलर ने सिलाई मशीन के लिए 1854 में पेटेंट हासिल किया था।
- अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने 1875 में आज ही के दिन टेलीग्राफ का आविष्कार किया था।
- एलेक्ज़ेंडर ग्राहम बेल को 1876 में अपने टेलीफोन (दूरभाष) आविष्कार का पेटेंट मिला।
- सन 1906 से फिनलैंड ने महिलाओं को वोट डालने का अधिकार मिला।
- प्रसिद्ध हिंदी लेखक सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय का 1911 में उत्तर प्रदेश में जन्म हुआ।
- फिनलैंड ने 1918 में जर्मनी के साथ मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- मंगोलिया पर सोवियत रेड आर्मी ने 1925 में बाहरी कब्जा किया।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1945 में अमेरिकी फौज ने जर्मनी की राइन नदी को पार किया।
- सन 1959 में अमेरिकी पायलट मेल्विन सी गार्लोव जेट विमानों से एक लाख मील की दूरी तय करने वाले पहले पायलट बने।
- इसरायल ने 70 साल की गोल्डा मेयर को 1969 में अपनी पहली महिला प्रधानमंत्री चुना था।
- शेख़ मुजिब-उर-रहमान ने 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता का आह्वान किया।
- सन 1985 में एड्स का पहला एंटीबॉडी परीक्षण एलिसा-टाइप टेस्ट शुरु किया गया।
- पाकिस्तान और भारत आतंकवाद पर जांच में मदद के लिए 2007 में तैयार।
- अंतरिक्ष यात्रियों ने मंगल ग्रह पर झील की 2008 में खोज की।
- नासा ने ब्रम्हांड में पृथ्वी जैसे ग्रह और उनपर जीवन को तलाशने के लिए केप कनावेरल से केप्लर नाम की एक दूरबीन को 2009 में अंतरिक्ष में छोड़ा था।

### 7 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- रूसी चित्रकार बोरिस कुस्तोदीव का 1878 में जन्म।
- प्रसिद्ध हिन्दी लेखक सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' का 1911 में जन्म।
- भारत के प्रसिद्ध पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी नरी कॉन्ट्रैक्टर का 1934 में जन्म।
- भारतीय राजनीतिज्ञ ग़ुलाम नबी आज़ाद का 1949 में जन्म।

## विशेष आलेख

# क्या अमेरिका पूरी अर्थव्यवस्था पर कब्जा करना चाह रहा है



– अशोक भाटिया

**भारत के व्यापार मंत्रालय के आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में अमेरिका को भारत के निर्यात में काफी गिरावट आई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में, भारत ने 2022-23 की तुलना में अमेरिका को 47.68 प्रतिशत कम स्टील का निर्यात किया, जबकि लोहे और इस्पात के सामान के निर्यात में भी 9 प्रतिशत की गिरावट आई। यह गिरावट इस वित्तीय वर्ष में भी जारी है। यह है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक है; लेकिन भारत के विपरीत, यह अमेरिका के शीर्ष इस्पात आयातकों की सूची में नहीं है। स्टील चीन से दूसरे देशों में और वहां से अमेरिका में भेजा जाता है।**

फिलहाल लगता तो एसा है कि अमेरिका दुनिया की पूरी अर्थव्यवस्था पर कब्जा करना चाह रहा है। आर्थिक दुनिया में इस बात की बहुत चर्चा है कि चीन पर अमेरिकी प्रतिबंध भारत, चीन , कनाडा और थाईलैंड को कैसे प्रभावित कर रहे हैं। वहीं, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सोना एक लाख रुपये प्रति तोला की कीमत की ओर बढ़ रहा है। वहीं भारत-ब्राजील अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन को लगे झटके का असर भारत के स्टील सेक्टर पर भी पड़ा है। ट्रंप ने चीन को सबक सिखाने के लिए स्टील पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की। यह दर 12 मार्च से लागू होगी। इनकी धमकी का सबसे ज्यादा असर मेटल शेयरों पर पड़ा है। उनकी घोषणा के बाद इसके लागू होने की तारीख भी घोषित कर दी गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का मेटल इंडेक्स 2.23 फीसदी गिरा है। सूचकांक 627.81 अंकों यानी 0.11 फीसदी की गिरावट के साथ 27,526.08 पर बंद हुआ। हिंदुस्तान जिंक, जेएसएल, नेशनल एल्युमीनियम कंपनी, एनएमडीसी, कोल इंडिया, वेदांता लिमिटेड, टाटा स्टील, एप्पल पोलो, जिंदल स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंडाल्को के शेयरों में भारी गिरावट आई। भारत अमेरिका का शीर्ष इस्पात निर्यातक नहीं है। अमेरिका कनाडा, ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण कोरिया और वियतनाम से अधिकांश स्टील आयात करता है। इस बीच कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमला बोला है। उन्होंने ट्रंप के ऊपर कनाडा को कब्जाने की योजना बनाने का आरोप लगाया है और वॉइट हाउस के टैरिफ हमले को इसी का हिस्सा बताया है। ट्रूडो ने मंगलवार 4 मार्च को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ युद्ध का उद्येश्य कनाडा की अर्थव्यवस्था को नष्ट करना है ताकि वह देश को अपने में मिला सकें। इसके पहले कनाडा के ट्रूडो प्रशासन ने डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ हमले पर पलटवार करते हुए अमेरिकी आयात पर टैरिफ लगाया है। ट्रंप ने कनाडाई ऊर्जा आयात पर 10 प्रतिशत और अन्य सभी वस्तुओं पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इसके कुछ घंटों बाद ही ओट्टावा ने सौंदर्य प्रसाधन, उपकरण, टायर, फल और शराब समेत 30 अरब कनाडाई डॉलर मूल्य के अमेरिकी आयातों पर तत्काल 25त्न टैरिफ लगाने की घोषणा की। कनाडा ने कहा है कि आवश्यकता पड़ने पर 21 दिनों के भीतर 125 अरब डॉलर मूल्य के अतिरिक्त आयात पर टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रूडो ने फेंटेनाइल ड्रग की तस्करी के ट्रंप के आरोपों पर भी जवाब दिया और कहा कि टैरिफ लगाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति फेंटेनाइल को बहाना बना रहे हैं। ट्रूडो ने इन आरोपों को पूरी तरह से फर्जी, पूरी तरह से अनुचित और पूरी तरह से झूठ बताया। ट्रूडो ने कहा, ट्रंप जो चाहते हैं, वह है- कनाडा की अर्थव्यवस्था का पूरी तरह से पतन देखना। क्योंकि इससे हमें अपने साथ मिलाना आसान हो जाएगा। ट्रम्प प्रशासन जानता है कि अगर स्टील पर टैरिफ लगाए जाते हैं, तो इसका सीधा असर चीन पर पड़ेगा। हालांकि भारतीय इस्पात क्षेत्र लंबे समय में मजबूत है, अल्पकालिक नुकसान से बचना मुश्किल है और आगे उतार-चढ़ाव का जोखिम बना हुआ है। भू-राजनीतिक अनिश्चितता और आर्थिक नीतियों में बदलाव बाजार के रुझान को प्रभावित करते हैं। वे करेंगे। टैरिफ वॉर का असर ग्लोबल इकोनॉमी पर पड़ सकता है। भारत, चीन और थाईलैंड जैसे उभरते बाजारों को सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। ब्रोकरेज फर्म नोमुरा की एक रिपोर्ट के अनुसार, इन देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में बहुत अधिक प्रभावी टैरिफ दरें हैं। इसलिए वे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। भारत का अमेरिका से निर्यात की औसत दर 9.5 प्रतिशत है। भारत का अमेरिका को निर्यात तीन प्रतिशत शुल्क के अधीन है। थाईलैंड में 0.9 प्रतिशत बनाम 6.2 प्रतिशत का आंकड़ा है, जबकि चीन में 2.9 प्रतिशत बनाम 7.1 प्रतिशत है, और सिंगापुर और दक्षिण कोरिया जैसे देश, जिनके पास संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते हैं, ट्रम्प के प्रतिशोधी टैरिफ के खतरे से अधिक सुरक्षित हैं। नोमुरा ने कहा कि भारत में उच्चतम निर्यात शुल्क दर है। भारत एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के बीच उच्चतम टैरिफ दर वाला देश है। इसलिए, भारत को ट्रम्प की टैरिफ दर में वृद्धि का बड़ा खतरा है। दुनिया भर में भारत के निर्यात का 18त्न अमेरिका को होता है। 2024 में व्यापार अधिशेष बढ़कर लगभग 38 बिलियन हो गया है। अमेरिका में भारत के निर्यात में विद्युत/औद्योगिक मशीनरी, रत्न और आभूषण शामिल हैं। नोमुरा के विश्लेषकों ने कहा कि दवाएं, ईंधन, लोहा एवं इस्पात, लोहा एवं इस्पात, लोहा एवं इस्पात, कपड़ा, कपड़ा और रसायन क्षेत्र में आयरन, स्टील और एल्युमीनियम की हिस्सेदारी कुल 5.5 प्रतिशत है।

# चिंता और चिंतन के अंतर को समझने का महत्व



– संजीव ठाकुर

**निराशा और चिंता मनुष्य के जीवन की प्रगति के बड़े बाधक हैं। निराशा को तत्काल विचारों से अलग करें और चिंता को अपने मस्तिष्क में ना आने दे अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को चिता तक ले जाने में देर नहीं करती है अतः सकारात्मक सोच के साथ चिंतन, नवीन संकल्प और दृढ़ निश्चय रखकर जीवन के पथ में अग्रसर हों। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं।**

वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सके कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैद्य जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए । यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैद्य जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी हैद्य मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंद्य सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है। और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है। भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है। ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान



श्री चंचल शर्मा
( शिक्षक नेता )

नमस्कार साथियों हमारी आज के कॉलम के स्टार हैं शिक्षक नेता चंचल शर्मा जिन्होंने हमेशा शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के साथ ही शिक्षकों के अधिकार के लिए संघर्ष किया और आज भी कर रहे हैं। नारनौल हरियाणा के प्रसिद्ध वैध संत लाल शर्मा के घर में राजस्थानी नातिन के रूप में तीन भाई बहनो बहिन जसुमति व भाई वीरेन्द्र में सबसे बड़े चंचल कुमार ने निम्न मध्यम वर्ग परिवार में जन्म लिया, पिता रूप नारायण शर्मा के बीकानेर से बाबू से पदोन्नति हो कर राजस्थान राज्य अभिलेखगार अलवर आने पर सरकारी स्कूल में अध्ययन क्रमशः कक्षा 8 तक रा०गाँधी नैशनल स्कूल महल चौक अलवर, शेष स्कूली पढ़ाई 11 वीं तक रा०यशवंत उ मा वि अलवर के बाद उस समय के जिले के एक मात्र राजऋषि महाविद्यालय अलवर से वाणिज्य में स्नातक परीक्षा पास की, 1981 से परिवार को आर्थिक संबल देने के लिए प्राइवेट कम्पनी में कार्य किया, 1987 में गाँधी मेमोरियल कॉलेज श्रीनगर, कश्मीर से बीएड 1989 में शिक्षिका उषा से विवाह होने पर पुत्री पलक और पुत्र नयन के रूप में परिवार पूर्ण हुआ। 1990 में राजकीय सेवा में अध्यापक पद पर कार्यग्रहण और जुलाई 2022 में मोरेड़ा प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत, पुस्तकों से लगाव होने के कारण राजकीय सेवा में रहते एम.काम, राजनैतिक विज्ञान, सामाजिक शास्त्र, विशेष हिंदी विषय से एम. ए करने के साथ एम.एड की परीक्षा भी पास शिक्षा की, राष्ट्रीय विचार धारा मन को भाने से उनके अनुषागिंक संगठनों से क्रमशः 1978-1982 तक अखिल भरतीय विद्यार्थी परिषद अलवर इकाई में विभिन्न पदों का दायित्व, 1991 से अनवरत राजस्थान शिक्षक संघ से जुड़ाव जिला, संभाग व प्रदेश स्तर तक विभिन्न दायत्वों का निर्वहन, समय-समय पर शिक्षक ,श्रमिक कर्मचारी आंदोलनों में अपनी सक्रिय भूमिका में निभाई, 2005 से 2016 तक भामस से संबंध राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष का दायित्व, 2006-2010 तक भारतीय मजदूर संघ में जिला संगठन मन्त्री का दायित्व, 2005-2007 तक अखिल भरतीय साहित्य परिषद अलवर जिला सयुंक्त मन्त्री, 2001-2015 तक संस्कार भारती संगठन के जिले स्तर पर विभिन्न दायित्व 1 साहित्य, सांस्कृतिक सहित सभी खेलों में रूचि लेकिन इन्हें टेबिल टेनिस, बास्केटबॉल खेलना अधिक अच्छा लगता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_064 a बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 1 | | | 7 | | 8 | 4 |
| | | 5 | 4 | | | | | |
| | 4 | | | 9 | 6 | | | 3 |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | | 6 | 9 | | 2 | 8 | | 7 |
| | 8 | 7 | 5 | 6 | | 4 | 2 | 9 |
| | | 3 | 8 | 4 | | | | |
| 5 | 9 | 2 | | | | | | 8 |
| 8 | 7 | | | 2 | 9 | 5 | 3 | 1 |

### Ans_2025_063

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 |
| 6 | 4 | 3 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 2 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 3 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 6 | 4 | 2 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

### वृष
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

### मिथुन
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

### कर्क
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

### सिंह
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

### कन्या
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

### तुला
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

### धनु
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

### मकर
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

### कुंभ
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

### मीन
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा। आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे।

# तीसरी नजर को 'लगी नजर', इलाज के बजाय मिल रही ठगी

## सात सीसीटीवी कैमरे बंद, महिलाओं के साथ हो रही हैं ठगी की घटना

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले के सबसे बड़े अस्पताल की तीसरी आंख को इन दिनों दृष्टि दोष हो गया है। इसके चलते अस्पताल की सुरक्षा इन दिनों भगवान भरोसे चल रही है। चिकित्सा महकमे की लापरवाही से जिला अस्पताल में लगे कई कैमरे बंद पड़े हैं। इसके चलते जिला अस्पताल में पुलिस चौकी व सुरक्षा गार्ड होने के बावजूद भी महिलाओं के साथ ठगी की वारदातें हो रही हैं। ठग आसानी से वारदातों को अंजाम दे बचकर निकल रहे हैं। इन पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

**अस्पताल के 25 में से 7 कैमरे बंद** : जिला अस्पताल परिसर में मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में कहने को तो ओपीडी के अंदर एक कक्ष में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं। यहां वर्तमान में 25 कैमरे लगे हैं। इनमें से सात सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हैं।



इससे चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश नहीं हो पा रहा है। मातृ एवं शिशु अस्पताल में पर्ची काउंटर के अंदर बने सीसीटीवी कैमरे कक्ष में गत दिवस कुर्सी खाली पड़ी मिली और सात कैमरे बंद मिले। यहां कुछ लोगों से जानकारी की तो सामने आया कि यहां कमरे में कर्मचारी सीट से कई बार गायब रहता है। वहीं ये कैमरे भी लंबे समय से बंद हैं। भीड़ की अधिकता से आए दिन यहां चोरी व ठगी की वारदातें हो रही हैं। यदि सीसीटीवी शुरू हो जाए तो इन घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लग सकता है।

-13 फरवरी 2025 को जिला अस्पताल परिसर में हाउसिंग बोर्ड निवासी संपत देवी से ठगी हुई थी। अस्पताल परिसर में दो अज्ञात व्यक्ति आए और बहला फुसलाकर महिला को नशीला पदार्थ खिला दिया। इससे वह बेहोश हो गई। थोड़ी देर बाद होश आया तो महिला के कानों से टॉप्स गायब मिले। घटना के बाद ठगी के आरोपी अब तक फरार है।

-23 जनवरी 2019 को मातृ एवं शिशु अस्पताल के लेबर रूम में प्रसूता के साथ आई एक महिला का पर्स पार हो गया। इस संबंध में पीड़िता प्रिया कंवर निवासी रवांजना चौड़ ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया था।

-14 जुलाई 2019 को अस्पताल की शिशु एवं मातृ चिकित्सा विंग में एक महिला के आभूषण चोरी हो गए थे। ढूंढा निवासी प्रसूता जगदीशी को प्रसव पीड़ा होने के बाद लेबर रूम ले जाया गया था। उसने कपड़े बदलते समय महिला नर्सिंग कर्मियों के कहने पर अपने आभूषण भी उतार दिए। थोड़ी देर बाद प्रसूता को कपड़े तो मिल गए, लेकिन आभूषण नहीं मिले। बाद में महिला ने थाने में मामला दर्ज कराया था। जिला अस्पताल व मातृ एवं शिशु अस्पताल में कई बार मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों के मोबाइल चोरी हो चुके है और कई लोगों की जेब भी कट चुकी है। ऐसे में पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होती है।

### पाबन्द किया जाएगा

सामान्य चिकित्सालय में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस जाप्ते को पाबंद किया जाएगा। सीसीटीवी कैमरे चालू करवाने के भी निर्देश दिए जाएंगे।

**उदेई सिंह मीणा, शहर पुलिस उपाधीक्षक, सवाईमाधोपुर**

### कराएंगे चालू

मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में सीसीटीवी कैमरे बंद हैं तो शीघ्र ही इंजीनियर को बुलाकर कैमरों को ठीक कराया जाएगा।

**डॉ.तेजराम मीणा, पीएमओ, सामान्य चिकित्सालय सवाईमाधोपुर**

# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बनाये जा रहे निक्षय मित्र

## नि-क्षय मित्र बन मरीजों को वितरित कर रहे पोषण सहायता

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चिकित्सा विभाग द्वारा नि-क्षय मित्र बनाकर टीबी मरीज़ों को पोषण सहायता प्रदान करवाई जा रही है। गुरुवार को बुचोलाई, मीना पाडा, जीवली ग्राम पंचायत में ग्रामवासियों को अभियान से संबंधित जानकारी दी गयी, ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने के बारे में विस्तृत चर्चा भी की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। अभियान के तहत निक्षय मित्र बनाये जा रहे हैं, जागरूकता रैली व बैठकों का आयोजन किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग द्वारा तय 6 पैरामीटर के अनुसार प्रभावी कार्य करने वाली ग्राम पंचायतो को चिन्हित कर टीबी मुक्त अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवी संस्थाओं का भी चिन्हीकरण किया जाएगा।

**निक्षय मित्र प्रदान कर रहे पोषण सहायता**

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित कुमार गोयल ने बताया कि टीबी के मरीजों को सहायता प्रदान करने के लिए जिले में भामाशाहों को चिन्हित व प्रेरित कर जरूरत अनुसार निक्षय मित्रो की नियुक्ति की जा रही है जिससे कि टीबी के मरीजों की देखभाल व पोषण किट समय पर जरूरत अनुसार वितरित हो सके। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के सहयोग से जिले भर में अनेक जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्राम के विभिन्न स्थानों, चौपालों, पंचायत भवन में आमजन को एकत्रित कर टीबी के लक्षणों, इलाज व बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। ताकि आमजन में टीबी के प्रति भ्रांतियों को दूर किया जा सके व मरीजो की पहचान कर उनका इलाज करवा कर जिले को टीबी मुक्त बनाया जा सके।

# जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी कल रहेगें ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी शनिवार 8 मार्च को मालपुरा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलो का दौरा कर जनसुनवाई करेगें। कार्यालय सचिव एडवोकेट अभिषेक पाराशर ने बताया कि राज्य सरकार के जनपतिनिधि आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत जलदाय मंत्री चौधरी शनिवार 8 मार्च को क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुख्यालय पारली से सुबह 9 बजे दौरा प्रारम्भ करेगें। इसके पश्चात चौधरी पचेवर, किरावल, चावण्डिया, चैनपुरा, सीतारामपुरा, सोड़ा बावड़ी में जनसुनवाई करते हुए शाम 4.30 बजे सोड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय पहुंच कर जनसुनवाई करेगें।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर(राकेश शर्मा)।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह-2025 अन्तर्गत जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग की ओर से 2 से 8 मार्च, 2025 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उप निदेशक महिला अधिकारिता अमित गुप्ता ने बताया कि 3 मार्च को राजकीय उच्च माध्यमिक संस्कृत विद्यालय साहू नगर में बालिकाओं के साथ बेटी बचाओ-बेटी पढाओं एवं महिला सशक्तिकरण थीम पर चित्रकला, स्लोगन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में ईशा वर्मा प्रथम, सोनिया कौर द्वितीय एवं अंजली तृतीय स्थान पर रही। वहीं स्लोगन प्रतियोगिता में तानिया प्रथम, आरूषी द्विती य एवं प्रिया प्रजापति तृतीय स्थान पर रहीं तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गुनगुन बैरवा प्रथम, हेमलता खटीक द्वितीय एवं निशा मेरोठा तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर विजेता बालिकाओं को मोमेन्टो भेंट कर पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार 4 मार्च को महात्मा गांधी उच्च प्राथमिक विद्यालय, कटला शहर सवाई माधोपुर में बालिकाओं के साथ बेटी बचाओ-बेटी पढाओं एवं महिला सशक्तिकरण थीम पर चित्रकला, स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कल्पना प्रथम, सुमन महावर द्वितीय एवं पायल खंगार तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन प्रतियोगिता में देवकी खंगार प्रथम, मनीषा प्रजापति द्वितीय एवं माहीन तृतीय स्थान पर रही। विजेता बालिकाओं को मोमेन्टो भेंट कर पुरस्कृत किया गया।

# दलित समुदाय के प्रतिनिधियो की ओर से राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा क्षेत्र के वचिंत एवं दलित समुदाय के प्रतिनिधियो की ओर से राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी को सौंपी। गुरूवार को सौंपे गए ज्ञापन में क्षेत्र कचोलिया थाना पचेवर में एक नाबालिक के साथ हुए सामूहिक बलात्कार पर गहरा आक्रोश प्रकट किया गया। साथ इस मामले के नामजद आरोपितो को शीध्र गिरफ्तार किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष जांच करवाने, पीड़िता व परिवारजनो को न्याय देने, सुरक्षा व राहत देने की मांग भी की गई। ज्ञापन देते समय बलाई समाज अध्यक्ष रामदेव मेघवंशी, अम्बेडकर विचार मंच अध्यक्ष गजेन्द्र बोहरा, उमाशंकर ठागरिया, अमित वमा, कैलाश गोरखीवाल सहित अन्य कई वचिंत समाज के पदाधिकारी व समाजबंधु मोजुद रहे।

# निगम की टीम ने की कार्रवाईए वसूला जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नगर निगम की ओर से गुरुवार को सफाई निरीक्षक उदय सिंह चौधरी ने गंदगी फैलाने वाले जेल चौराहे के समीप कई दुकानों का 1700 रुपए का चालान किया गया। नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि निगम की ओर से लगातार इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आमजन को समझाइश भी की जाती है, ताकि गंदगी से निजात मिल सके। निगम आयुक्त नरूका ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि सभी पॉलिथीन का उपयोग करने से बचें और घर से खरीदारी के लिए जाते समय कपड़े या जूट के थैले का उपयोग करें।

# फार्मर रजिस्ट्री शिविर के पहले दिन 97 किसानों ने करवाया पंजीकरण



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** राज्य सरकार की फार्मर रजिस्ट्री योजना के तहत गुरुवार को राजीव गांधी सेवा केंद्र परिसर में तीन दिवसीय किसान रजिस्ट्रेशन शिविर की शुरुआत हुई। पहले दिन 97 किसानों का पंजीकरण कर भूमि सत्यापन किया गया। सर्वर ना मिलने के कारण किसान एवं पटवारी सभी परेशान रहे। एग्रिस्टेट वेबसाइट पर नाम मैच कम होने के कारण किसान कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। किसानो ने बताया कि अपना काम काज छोड़कर शिविर में आए लेकिन नाम मैच नहीं होने से फार्मर रजिस्ट्री आईडी नहीं बन पाई है। भू.अ. निरीक्षक सिरस एवं शिविर प्रभारी मोहर पल मीना शिविर में नटवाड़ा ग्राम पंचायत के गोपालपुरा, लक्ष्मणपुरा, रतनपुरा सहित अन्य गांवों के किसानों ने भाग लिया। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री में 97, पीएम किसान योजना में 10, पशु चिकित्सा एवं उपचार में15, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 02, जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रमाण पत्र में 02, आयुष्मान व वंदना योजना में 03, मृदा स्वास्थ्य कार्ड में 05, कृषि अनुदानित योजना में 05, राज किसान एप में 08 तथा अन्य विभागीय कार्यों के लिए 04 किसानों ने आवेदन किया। इसके अलावा पालनहार पंजीकरण के वार्षिक नवीनीकरण के लिए 01 आवेदन प्राप्त हुआ। शिविर में कृषि पर्यवेक्षक गिर्राज वर्मा, हल्का पटवारी रामेत मीना सहित कई किसान मौजूद रहे।

राजस्थान पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक हवासिंह घुमरिया का दौरा

# झूठे मुकदमे, दर्ज कराने वालों पर होगी विशेष कार्रवाई : घुमरिया

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर(राकेश शर्मा)।** राजस्थान पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (राज्य आपदा प्रतिसाद बल) हवासिंह घुमरिया गत दिवस सवाईमाधोपुर के दौरे पर रहे और वार्षिक निरीक्षण किया।

एडीजीपी हवासिंह घुमरिया सबसे पहले पुलिस लाइन मैदान पहुंचे और यहां परेड सलामी ली। इसके बाद एक स्कवायड ड्रिल और डेमो का आयोजन किया गया। इसके बाद उन्होंने रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला कलक्ट्रेट सभागार में अपराध गोष्ठी को भी सबोधित किया और पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। जिले में अपराधों की स्थिति और उनकी रोकथाम को लेकर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की।

**जिले में अपराधों की रोकथाम के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं?**

पहले से तुलना की जाए तो न केवल जिले में बल्कि प्रदेश भर में अपराध के ग्राफ में गिरावट आई है। दरअसल हर क्षेत्र में अपराधों व अपराधियों की प्रवृति अलग-अलग होती है। इसलिए चुनौतियां भी सभी की अलग-अलग हैं। हाल ही राज्यभर में पुलिस



ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। यह पुलिस के सामने नई चुनौती थी, फिर भी इसे काफी हद तक नियंत्रित किया है। अधिकतर दर्ज मामले कई बार बाद में झूठे साबित होते हैं, इन पर नियंत्रण के लिए क्या प्रयास कर रहे हैं? जिले में झूठे मुकदमों की संया काफी अधिक है। इस प्रकार के मामलों में पुलिस के काफी संसाधन और समय खर्च हो जाता है। ऐसे में हमने जिले के अधिकारियों को झूठे मुकदमे दर्ज कराने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**साइबर अपराधों की रोकथाम में संसाधन बड़ी चुनौती है, इसका समाधान क्या है?** साइबर अपराध आम लोगों के साथ-साथ पुलिस के लिए भी नई प्रकार की चुनौती है। आज के दौर में इस प्रकार के मामलों की एक तरह से बाढ़ आ गई है। पुलिस का सिस्टम भी इसके लिए पूरी तरह से तैयार नहीं था। लेकिन फिर भी पुलिस ने साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास किए। जहां तक संसाधनों की बात है। इस पर राज्य बजट में सरकार ने पुलिस को काफी कुछ दिया है। इसलिए संसाधनों की कमी भी जल्द पूरी होगी।

# संभागीय आयुक्त ने किया बोर्ड परीक्षाओं का औचक निरीक्षण अधिकारियो की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** संभागीय आयुक्त महेश शर्मा गुरूवार को मालपुरा प्रवास पर रहकर शुरू हुई बोर्ड परीक्षाओं का औचक निरीक्षण के बाद अधिकारियो की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। संभागीय आयुक्त महेश शर्मा बिना किसी पूर्व सूचना के मालपुरा पहुंच कर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियो के साथ राउमावि में शुरू हुई बोर्ड परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान संभागीय आयुक्त शर्मा के साथ उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी वृताधिकारी आशिष प्रजापत सहित अन्य कई अधिकारी मौजुद रहे। शर्मा ने इस दौरान परीक्षा कक्षो में पहुंच कर परीक्षार्थीयों के लिए की गई व्यवस्थाओ, परीक्षा



की गोपनीयता बनाए रखने संबंधी व्यवस्थाओ का जायजा लिया। वहीं संभागीय आयुक्त शर्मा ने प्रधानाचार्य कक्ष में अधिकारियो की बैठक ली। जिसमें उपस्थित अधिकारियो को संभागीय आयुक्त ने बोर्ड परीक्षाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक में प्रधानाचार्य अलका पारीक ने केन्दाधीक्षक के रूप में परीक्षा कक्षो में की गई व्यवस्थाओ, परीक्षार्थीयों पर कड़ी नजर रखने व गोपनीयता को लेकर की गई व्यवस्थाओ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक जीतराम चौधरी, दीपक गुप्ता, परीक्षा प्रभारी देवेन्द्र कुमार, गिरधर शर्मा भी मौजुद रहे। इसके पश्चात संभागीय आयुक्त महेश शर्मा उपखण्ड अधिकारी कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। संभागीय आयुक्त शर्मा के उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पहुंचने पर उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने अगवानी कर व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# डॉ. राकेश जैन अध्यक्ष मनोनीत

## साहित्यालोक संस्थान मालपुरा की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** साहित्यालोक संस्थान मालपुरा की नवीन कार्यकारिणी का गठन कर अध्यक्ष पर पुनः डॉ. राकेश जैन को मनोनीत किया गया है। गुरूवार को संस्थान की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संस्थान सरंक्षक पद पर डॉ. जी.एल.शर्मा, किशनलाल फगोड़िया, डॉ. जे.एस.मान, डॉ. संजीव चौधरी, डॉ. हरिशंकर पारीक, अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन, उपाध्यक्ष कैलाश सोनी, मोतीलाल कारवाल, श्याम सुन्दर शर्मा, कृष्णगोपाल जांगिड़, सचिव आर.एल.दीपक, उप सचिव अशोक साहू, कोषाध्यक्ष अमित विजय, प्रवक्ता अक्षय विजय, साहित्य मंत्री जयनारायण जाट, संगठन मंत्री रूपचन्द बगडोलिया, प्रचार मंत्री राजेश पारीक तथा कार्यकारिणी सदस्यो के रूप में दिनेशकांत पांडे, जिनेन्द्र जैन, डॉ. सुनील , रविकुमार जैन व रामकिशन भादू को मनोनीत किया गया।

# राधा चौधरी ने फिलिंग स्टेशन का किया विधिवत शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** प्रदेश के जलदाय मंत्री व मालपुरा क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी के प्रतिनिधि के रूप में इनकी धर्मपत्नि राधा चौधरी ने क्षैत्र के गणवर के पास शुरू हुए चामुण्डा माता फिलिंग स्टेशन का फीता काट कर विधिवत रूप से शुभारम्भ किया। गुरूवार को फिलिंग स्टेशन के शुभारम्भ करने पहुंची राधा चौधरी के साथ भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या, मंडल अध्यक्ष रहे त्रिलोकचन्द जैन व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि व पूर्व पार्षद मनीष सोनी व कार्यालय सचिव एडवोकेट अभिषेक पाराशर मौजुद रहे। फिलिंग स्टेशन का फीता काटकर शुभारम्भ करने के बाद राधा चौधरी ने सम्बोधित किया। चौधरी ने कहा कि फिलिंग स्टेशन को जन सेवा केन्द्र के रूप में संचालित कर केन्द्र पर आने वाले सभी उपभोक्ताओं



सही माप तोल व शुद्ध तेल उपलब्ध करवाऐं। राधा चौधरी ने कहा कि केन्द्र संचालको को केन्द्र सरकार व तेल कम्पनी के सभी दिशा निर्देशो को मानते हुए उपभोक्ताओं को सभी प्रकार की सुविधाऐं एवं संसाधन उपलब्ध करवा कर अपने नैतिक दायित्व को ईमानदारी से पूरा करे। इससे पहले राधा चौधरी व अन्य अतिथियो के केन्द्र पहुंचने पर संचालक राहुल लोकेश वैष्णव व अन्य सभी परिवारजनो के अगवानी कर सभी का अभिनन्दन किया।

# गंगा आरती के समान आध्यात्मिक शांति और शुद्धता का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**देवली (नि.स.)।** श्रीमद् भागवत व्यास परम पूज्य गुरुदेव कृष्ण बिहारी जी महाराज ने देवली के बोयडा गणेश जी स्थान पर गंगा आरती हरिद्वार के समान बनास मैया की आरती के सुझाव की सराहना की है। परम पूज्य गुरुदेव बिहारी जी ने बताया की आरती समारोह एक सुंदर दृश्य से कहीं अधिक एक गहन आध्यात्मिक आयोजन है इसका हमें सम्मान करना चाहिए क्योंकि यह हमारे पापों को धोती है आध्यात्मिक शुद्धता प्रदान करती है ।गंगा आरती के समान बनास मैया की आरती करने से मन को आध्यात्मिक शांति प्राप्त होगी ।आरती करने से धैर्य, निर्मलता और प्रेम की भावना बढ़ती है ।बनास मैया की आरती करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होगी नदी की आरती करने से कृतज्ञता ,सृजनता, पवित्रता के शाश्वत चक्र का पता चलता है। जल के अंदर दीपको के प्रतिबिंब को देखने से मन को ईश्वर से जोड़ने की भावना बनती है ।इसमें प्रथम शंखनाद फिर धूप बत्ती जलाकर गंगा मैया के समान बनास मैया की आरती होगी जिस मन और तन शुद्ध होगा तथा यह स्थान आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त करने का केंद्र स्थल बनेगा जहां सभी भक्त आकर इस आयोजन से मन और तन को शुद्ध करेंगे।

# मॉडल स्कूल मे प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई मे सत्र 2025-26 मे कक्षा 1 से 9 में रिक्त सीटो के विरुद्ध राजस्थान सरकार द्वारा जारी संदर्भित प्रवेश नीति के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि कक्षा 1 से 9 मे इच्छुक आवेदक, प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 7 मार्च से विद्यालय समय में प्रवेश प्रभारी रमेश चंद मीना से संपर्क करके निन्शुल्क प्राप्त कर सकते हैं। भरे हुए आवेदन पत्र 7 मार्च से 17 मार्च के मध्य विद्यालय में जमा करवाया जा सकता है। 17 मार्च के पश्चात कोई आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा। कक्षा 1 से 8 के लिए 20 मार्च को चयनित आवेदको की सूची का निर्धारण किया जाएगा, 21 मार्च को चयनित आवेदकों की सूची जारी की जाएगी। 29 मार्च तक चयनित आवेदकों से प्रवेश फॉर्म भरवाए जाएंगे और कक्षा 9 के लिए 19 मार्च को प्रवेश परीक्षा होगी 24 मार्च को परीक्षा परिणाम जारी एवं 30 मार्च तक चयनित विद्यार्थियों से प्रवेश फॉर्म लिए जाएंगे तथा 1 अप्रैल 2025 से नए सत्र की कक्षाओं का विधिवत संचालन शुरू होगा।

## श्री श्याम मंदिर सेवा धाम की ओर से फाल्गुन निशान यात्रा आज

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( नि.स. )।** श्री श्याम मंदिर सेवा धाम की ओर से सतरंगी फागुन मेले का आयोजन जिसकी कलश यात्रा आज शुक्रवार को प्रातः 8.15 बजे तुलसीदास आश्रम बरगमा रोड से प्रस्थान करेगी यात्रा का रूट चौपड़ सर्किल होते हुए डेम्प होते हुए शीतला चौराहा मनीराम पार्क हॉस्पिटल रोड होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी 8 मार्च को 7.30 बजे से समाधिया ब्रदर्स के गायक कलाकारों द्वारा होली गायन का आयोजन होगा 9 मार्च को 7.30 से चंग धमाल का आयोजन होगा 10 मार्च को बाबा का भव्य श्रृंगार एवं फूल बंगला झांकी के दर्शन होंगे 11 मार्च को प्रातः 9.15 बजे से छप्पन भोग एवं फुल बंगला झांकी का आयोजन होगा 7.30 बजे से काका पैलेस में श्री श्याम फाग महोत्सव का आयोजन भी होगा जिसमें दरबार सेवा विनोद सैनी बांदीकुई से सांवरिया म्यूजिकल ग्रुप दौसा से मुकेश साउंड हिंडौन से भजन गायक भजन सम्राट राजू अलबेला भीलवाड़ा से, छोटी सपना मुरादाबाद से, गिरधारी बृजवासी हिंडौन से अंकित राजस्थानी हिंडौन से, बाबा के मीठे -मीठे भजनो से रिझाएगे ।

## नारायण विहार योजना में 220 के.वी. हाईटेंशन लाईन के नीचे सेक्टर, रोड़ कोरिडोर को कराया अतिक्रमण मुक्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन पीआरएन-साउथ में नारायण विहार योजना में 220 के.वी. हाईटेंशन लाईन के नीचे सेक्टर, रोड़ कोरिडोर की भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के क्षेत्राधिकार में अवस्थित नारायण विहार योजना में 220 के.वी. हाईटेंषन लाईन के नीचे सेक्टर रोड़, कोरिडोर पर अवैध रूप से अस्थाई टीनषेड लगाकर, तार फेसिंग बाउण्ड्रीवाल कर, पशुओं का बाड़ा बनाकर अवैध रूप से खेती किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर हटवाया जाकर सेक्टर रोड़, कोरिडोर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-पी.आर.एन.(साउथ) तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर श्री कैलाष चन्द्र बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित षिकायतों के संबंध में वे स्वंय उपस्थित होकर; कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24म7; हेल्प लाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरिये मेल cce.jda@rajasthan.gov.in & enforcement.jda@rajasthan.gov.in पर अवैध निर्माण/कब्जा/अतिक्रमण इत्यादि की षिकायत/परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।

## बोर्ड परीक्षार्थियों को तिलक लगाकर दी शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** गुरुवार को शाकम्भरी विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10 के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के पहले दिन प्रश्न पत्र शुरू होने से पहले विद्यालय प्रांगण में संस्था निदेशक दिव्या गौड़ ने तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा करवा कर परीक्षा हेतु शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया। प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र पर संयमित व्यवहार एवं धैर्य से प्रश्न पत्र हल करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अध्यापक आनंद मीणा, दीपक सेन एवं सुनील भोजक ने विद्यार्थियों को परीक्षा कक्ष में किए जाने वाले व्यवहार एवं प्रश्न पत्र हल करने के तरीकों के बारे में बताते हुए शुभकामनाएं प्रदान की तथा विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र हेतु विदा किया।

# चौथ माता मंदिर के पास पहाड़ियों पर पर्यटन की सुविधाओं का विकास : एक नई पहल





बढ़ता राजस्थान

**चौथ का बरवाड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा कस्बे में स्थित चौथ माता के प्रसिद्ध मंदिर के पास स्थित मनोरम पहाड़ियों पर पर्यटन के विकास हेतु एवं पर्यटकों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए महत्वाकांक्षी योजना पर काम चल रहा है। इस योजना के तहत इन पहाड़ियों पर लव कुश वाटिका निर्मित की जा रही है। वन मंडल सवाई माधोपुर द्वारा क्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में यह एक सकारात्मक प्रयास है ।

**प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव :** चौथ माता मंदिर अपनी आध्यात्मिक महत्ता के लिए विश्व विख्यात है । यह मंदिर हर साल लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है । मंदिर के आसपास की पहाड़ियां इस क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता में चार चांद लगाती है । पर्यटकों को इन पहाड़ियों की सुंदरता का विशेष अनुभव करने के लिए वन विभाग की तरफ से लव कुश वाटिका का निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

### पहाड़ीयों पर चढ़ने के लिए बनाए जा रहे रास्ते तथा व्यू पोइंट

पहाड़ियों पर चढ़ाई को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए रास्ते भी बनाए जा रहे हैं । रास्तों पर मिट्टी डाली जा रही है ताकि पर्यटक आसानी से पहाड़ियों पर जा सके और प्राकृतिक नजारों का आनंद ले सके। डीएफओ सुनील कुमार ने बताया कि पहाड़ियों के शीर्ष पर व्यू पॉइंट के रूप में कुछ विशेष स्थान ( झोंपे ) बनाए जा रहे हैं जहां से पूरे क्षेत्र के मनोरम दृश्य दिखाई देंगे । इन झोंपो पर बेंचें लगाई जाएंगी ,ताकि पर्यटक आराम से बैठकर प्राकृति का आनंद ले सकें। पर्यटकों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पहाड़ी के पास ही शौचालय तथा पेयजल की भी व्यवस्थाएं की जा रही है । इसके साथ ओपन जिम भी बनवाया गया है। जहां लोग व्यायाम कर सकते हैं। पर्यटन तथा विकास कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के दिशा में भी विशेष कदम उठाए जा रहे हैं , पहाड़ियों पर पौधारोपण किया जा रहा है और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है । स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया है और उनका मानना है कि लवकुश वाटिका के निर्माण से चौथ का बरवाड़ा एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा । यह न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा बल्कि प्रकृति प्रेमियों और रोमांच पसंद लोगों को भी आकर्षित करेगा।

## ग्राम स्तरीय जनसुनवाई में हाथों-हाथ मिली राहत

### लक्ष्मीलाल और शंकरलाल को मिला पट्टा, तो शांतिलाल और सोहनलाल का खुल गया नामांतरण

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा ग्राम स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हर माह के प्रथम गुरुवार को समस्त ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। कह सकते हैं कि गाँव की समस्या का गाँव में ही समाधान हो रहा है और ग्रामीणों को बार-बार जिला मुख्यालय आने की झंझट से मुक्ति मिली है।

गुरुवार को मोही ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम स्तरीय जनसुनवाई भी कई लोगों के लिए राहत लेकर आई। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा भी इस जनसुनवाई में पहुंचे और लोगों की समस्याओं को सुन त्वरित राहत प्रदान की। कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान होकर हाथों-हाथ राहत दे दी गई। विकास अधिकारी महेश गर्ग ने बताया कि मोही की जनसुनवाई में गाँव के लक्ष्मी लाल कीर, शंकर लाल कीर, शकील मोहम्मद और जगदीश तेली की शिकायत पर कलक्टर असावा द्वारा हाथों-हाथ पट्टा वितरण कर राहत प्रदान की गई। ऐसे ही प्रधानमंत्री वय वंदना योजना में संपात महात्मा, मोगी देवी महात्मा, कमला सिसोदिया, गणपत लाल सिसोदिया का मौके पर ही पंजीयन कर आयुष्मान भारत योजना में 5 लाख रुपए के निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की गई। अब ये व्यक्ति देशभर के सूचीबद्ध निजी चिकित्सालयों में भी निशुल्क उपचार ले सकेंगे। ऐसे ही शांतिलाल पिता रूप लाल तेली और सोहन लाल पिता नाना रैगर का मौके पर ही नामांतरण खोल दिया गया। जनसुनवाई में कुल 33 प्रकरण सामने आए और प्रशासन द्वारा प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया।

**शिकायतों को लेकर रहें संवेदनशील :** जिला कलक्टर असावा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन और विशेष रूप से निर्धन वर्ग के प्रति संवेदनशील रहें और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित कर राहत प्रदान करें। कलक्टर ने कहा है कि हर शिकायत का अध्ययन करते हुए यथा संभव मौके पर राहत देने का प्रयास करें। जनसुनवाई में राहत पाकर ग्रामीणों ने सरकार का आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई में प्रधान पंचायत समिति राजसमंद अरविंद सिंह राठौड़, उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता, समाजसेवी दिग्विजय सिंह भाटी, विकास अधिकारी महेश गर्ग, तहसीलदार विजय रेगर सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे ।

**अब होगी ब्लॉक और जिला स्तरीय सुनवाई :** ग्राम स्तरीय जनसुनवाई के समापन के बाद अब ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई एवं 20 फरवरी को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। आमजन जनसुनवाई में अपनी समस्याएं लेकर उपस्थित हो सकते हैं।

## 3 साल से फरार चल रहे हैं आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( नि.स. )।** हिंडौन सिटी सदर थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार आरोपी तीन साल से फरार चल रहा था। जिसे सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि मामला वर्ष 2022 का है। झिरना में हर घर नल परियोजना के तहत पाइप लाइन बिछाने को लेकर विवाद हुआ था। इस विवाद में मारपीट की घटना हुई थी। जिसमें आरोपियों ने हथियारों से हमला किया था।पुलिस ने इस मामले में पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। उनसे वारदात में इस्तेमाल किए गए हथियार भी बरामद कर लिए गए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में अब झिरना निवासी मानसिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मानसिंह के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी में एएसआई अशोक कुमार, कॉन्स्टेबल हेमेंद्र, दयाल और राम भान की टीम शामिल थी।

## कृषक हितों के लिए समर्पित है प्रदेश सरकार : आर्य

### जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कृषक कौशल एवं क्षमता संवर्द्धन हेतु 40 युवा कृषकों के प्रशिक्षण दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान



**चूरू (सुरेश लाटा)।** जिला प्रमुख वंदना आर्य ने गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित आत्मा परियोजना कार्यालय से कृषक कौशल एवं क्षमता संवर्द्धन हेतु युवा कृषकों के प्रशिक्षण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिला प्रमुख आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषक हितों के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कृषक हितों के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश सरकार द्वारा अपनी जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से कृषक कल्याण तथा उनके कौशल व क्षमता संवर्द्धन की दिशा में प्रशिक्षण सराहनीय कदम है। युवा कृषकों को नवीन तकनीकी का अनुभव का प्रशिक्षण उनकी उपज व आय में वृद्धि करेगा। उन्होंने 07 दिवसीय 40 कृषकों के प्रशिक्षण दल को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।आत्मा परियोजना निदेशक डॉ राजकुमार कुलहरि ने बताया कि बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में राजस्थान कृषक कौशल एवं क्षमता संवर्द्धन अंतर्गत युवा कृषकों को विभिन्न राज्यों में कृषि की नवीन तकनीकों के प्रशिक्षणों का आयोजन जा रहा है। चूरू जिले के 40 कृषक भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान देहरादून, उत्तराखण्ड में टिकाउ खेती हेतु मृदा एवं जल संरक्षण तकनीक विषय पर प्रशिक्षण अर्जित करेंगें। कृषक कृषि की उन्नत तकनीकों की संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के माध्यम से ज्ञान अर्जित करेंगें तथा चूरू जिले के कृषि विकास में योगदान करेगें।दल के साथ प्रभारी अधिकारी कृषि उपनिदेशक एवं आत्मा परियोजना निदेशक डॉ राजकुमार कुलहरि एवं सह प्रभारी सहायक कृषि अधिकारी संजयपाल नायक होंगें। इस दौरान सहायक निदेशक कुलदीप शर्मा, कृषि अधिकारी विजय पुरी सहित कृषक मौजूद रहे।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में हर नागरिक फीडबैक दे : कलक्टर

### जिला कलक्टर और एडीएम ने दिया स्वच्छता सर्वेक्षण में फीडबैक

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** नगर परिषद एवं जिले की तीनों नगर पालिकाओं में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा और अतिरिक्त जिला कलेक्टर नरेश बुनकर ने भी अपना फीडबैक दिया है। कलक्टर ने जिले वासियों से अपील की है कि वे इस फीडबैक कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लें और अपना फीडबैक जरूर प्रदान करें। आमजन https://sbmurban.org/feedback पर जाकर अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर फीडबैक दे सकते हैं। इससे सरकार को भी यह समझने में मदद मिलेगी कि स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए कार्यों से जनता कितनी संतुष्ट है, और किस प्रकार के सुधार किए जाने की आवश्यकता है। कलक्टर ने सभी निवासियों और विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य संगठनों के सदस्यों से भी अपील की कि वे अधिक से अधिक फीडबैक प्रदान करें और सरकार को स्वच्छता के संदर्भ में अपने विचार स्पष्ट रूप से बताए।



**बिना दबाव के दें फीडबैक :** उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फीडबैक देने में किसी भी प्रकार का दबाव नहीं होना चाहिए, और जो जैसा महसूस करता है, वैसा ही फीडबैक ऑनलाइन भरें। अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री नरेश बुनकर ने एक वीडियो संदेश जारी कर आम जनता से आग्रह किया कि वे इस अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता निभाएं और अपना पब्लिक रिव्यू जरूर दें।

## साहवा पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 8.68 लाख की लूट का पर्दाफाश, 2 आरोपी राउंडअप

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( नि.स. )।** कस्बे के निकटवर्ती गांव सोमसीसर के पास 4 दिन पूर्व एक बाईक सवार युवक से हुई लाखों रुपए की नकदी लूट के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना के आरोपित 2 जनों को राउंडअप कर लिया। घटना के बाद से ही पुलिस ने संवेदनशीलता दिखाते हुए आस पास के सीसीटीवी कैमरा फुटेज खंगाले ओर आस पास के क्षेत्र से तकनीकी साक्ष्य जुटाकर लाखों की लूट का महज 4 दिन में पर्दाफाश कर दिया। पुलिस जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि 2 मार्च को राकेश पुत्र दुलाराम मेघवाल निवासी खुईया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़ ने एक रिपोर्ट दी कि वह अपने व्यापारी उदमीराम पुत्र हजारी राम निवासी खुईया के उधारे रूपये भालेरी से लेकर मोटरसाईकिल से खुइया जा रहा था रास्ते में रैयादुण्डा से सोमसीसर सड़क पर अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी मोटरसाईकिल के आगे मोटरसाईकिल लगाकर उसे रोक लिया और मारपीट कर उसके पास कुल 8.68 लाख रूपये, मोबाईल तथा उसके मोटरसाईकिल की चाबी छीनकर ले गये। पुलिस थाना साहवा में दर्ज प्रकरण पर स्थानीय थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने घटना के बाद से ही लगातार चार दिन तक आस पास के क्षेत्र एवं रूट के संभावित सीसीटीवी फुटेज खंगालये हुए घटना में शामिल अभियुक्त मोहन लाल पुत्र काशीराम जाति जाट उम्र 28 साल निवासी भावलदेसर तथा थानसिंह पुत्र भीमराज जाति जाट उम्र 25 साल निवासी कानसर की पहचान करने के बाद राउन्ड अप कर लिया।थानाधिकारी ने बताया कि घटना की साजिश ओर बरामदगी के लिए आरोपित को न्यायालय में पेश कर पीसी रिमाण्ड हासिल किया जायेगा। पुलिस की इस कार्रवाई टीम में थानाधिकारी रामप्रताप , एएसआई कैलाश चन्द्, कांस्टेबल रविन्द्र, भूराराम, जगदीश, उमेश, भागीरथ हैड कानि साईबर सैल चुरू व धर्मवीर सिंह हैड साईबर सैल चुरु तथा कांस्टेबल मुकेश की अहम भूमिका रही।

## अटल विहार योजना : आवंटन सहमांग पत्र किए जारी, दो दिवसीय शिविर का किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अटल विहार आवासीय योजना के सफल आवंटियों के दस्तावेजों का परीक्षण कर 06 मार्च, 2025 को जेडीए के नागरिक सेवा केन्द्र में शिविर का आयोजन कर आवंटन सहमांगपत्र जारी किये गये। यह शिविर 07 मार्च, 2025 को भी जारी रहेगा। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि अटल विहार आवासीय योजना की लॉटरी दिनांक 14.02.2025 को निकाली गई थी। जिसमें सफल आवंटियों को आवंटन सहमांगपत्र जारी किये जाने हेतु दो दिवसीय शिविर प्रातः 10.00 बजे से नागरिक सेवा केन्द्र के हॉल में षिविर आयोजित किया जा रहा है। इस हेतु 06 मार्च, 2025 को जेडीए के नागरिक सेवा केन्द्र में शिविर को आयोजन किया गया, जिसमें सफल आवंटियों को आवंटन सह मांग पत्र जारी किये गये। उक्त शिविर 07 मार्च, 2025 को भी निरंतर जारी रहेगा। सफल आवंटी जेडीए वेबसाईट पर दस्तावेज ऑनलाईन (स्वयं/ई-मित्र के माध्यम से) अपलोड करने के उपरांत ही जविप्रा परिसर में आयोजित शिविर में मूल दस्तावेज परीक्षण हेतु प्रस्तुत करें। इसके पश्चात जेडीए द्वारा आयोजित शिविर में आवंटन सहमांगपत्र जारी किये जावेगें। योजना अटल विहार के समस्त सफल आवंटी आवेदन फॉर्म में अंकित विवरण अनुसार उक्त दिनांक को समस्त मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होवें।

# बाई पास निर्माण की राह हुई आसान कोर्ट ने खारिज किया स्टे ऑर्डर

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( नि.स. )।** गुरुवार को शहर के सुखाडिया पार्क के पास से कोटा रोड के बीच बनने वाले बाई पास रोड पर लगा स्टे ऑर्डर कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट के स्टे ऑर्डर खारिज करने के बाद अब इस बाईपास रोड के निर्माण की राह आसान हो गई है।

**यह था मामला** – शहर के शंकरपुरा के समीप स्थित श्मशान के समीप से कोटा रोड पर स्थित लाल पुलिया के समीप स्थित बालाजी मंदिर के बीच में इस बाई पास रोड का निर्माण होना था। जिसके लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा जगह चिन्हित कर डीपीआर तैयार करके संवेदक को रोड निर्माण हेतु आदेश भी जारी हो चुके थे। जिसके बावजूद रोड के बीच में आने वाले कुछ लोगों ने कोर्ट में निर्माण के खिलाफ याचिका दायर कर दी थी जिस पर कार्बन स्टे ऑर्डर दिया हुआ था।

### चौराहे पर जाम से मिलेगी निजाद

इस रोड के निर्माण की मांग शहर वासियों द्वारा कई समय से की जा रही थी। रोड के निर्माण के बाद से स्थानीय लोगों को रामधन चौराहे पर लगने वाले जाम से छुटकारा मिलेगा। वही कोटा से बूंदी की तरफ आने जाने वाले वाहनों को शहर से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा।

### ऐसा बनेगा बाई पास रोड

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के सुखाडिया पार्क से गौरव पथ कोटा रोड तक बायपास का निर्माण करीब साढ़े तीन करोड रुपए की लागत से होगा। यह बाईपास 600 मीटर लंबा व 11 मीटर चौड़ा बनेगा। 11 मीटर चौड़ाई वाली सड़क के बीच में एक मीटर डिवाइड लेन बनेगी जो सड़क को दो भागों में बांटेगी। साथ ही इस बायपास के बीच में बरसाती नाले पर छोटे पुल का निर्माण भी होना है ताकि बारिश के मौसम में भी यातायात बाधित होने की समस्या उत्पन्न नहीं हो सके।

### इनका कहना

बाई पास का निर्माण कार्य हेतु आवश्यक टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, टेंडर भी जारी हो चुके है, प्रस्तावित बाईपास रोड पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण होगा तो नगरपालिका के सहयोग से अतिक्रमण हटवाकर शीघ्र ही रोड निर्माण प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

**( हिमांशु दाधीच, सहायक अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, लाखेरी )**

बाई पास निर्माण का मामला जानकारी में आया है, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर रोड के निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर कर कर शीघ्र ही निर्माण चालू करवाने का प्रयास किया जाएगा।

**( नरेश राठौर, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका लाखेरी )**



# उपखण्ड अधिकारी कपासन ने जनसुनवाई के 28 परिवादो का शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** राज्य सरकार एवं जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार माह के प्रथम गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत समिति कपासन क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका की अध्यक्षता में प्रात: 11 से 2 बजे तक आयोजन किया गया।उक्त ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत क्षैत्र की ग्राम पंचायत छापरी में मुख्य सचिव राजस्थान सरकार द्वारा वीसी के माध्यम से भाग लिया गया।साथ ही उपखण्ड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका की अध्यक्षता एवं समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिको सहित ग्रामीणजन की उपस्थिति में आयोजित जनसुनवाई के अंतर्गत कुल 28 परिवाद प्राप्त हुवे।उक्त परिवादो का शीघ्र निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने हेतु उपखंड अधिकारी सुवालका द्वारा क्षेत्रीय अधिकारियों एवं कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के दौरान परिवादिया रूपी बाई पत्नी मोहन बुनकर द्वारा उपस्थित होकर अवगत कराया गया कि उसका नाम पटवार हल्का छापरी के राजस्व रिकार्ड में सुडी पत्नी मोहन भांबी दर्ज है।जबकि परिवादिया के अन्य समस्त दस्तावेज रूपी बाई पत्नी मोहन बुनकर है।जिस पर उपखण्ड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका द्वारा तहसीलदार कपासन को आवश्यक कार्यवाही कर परिवादिया को तुरंत राहत प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।जिस पर अधीनस्थ राजस्व कार्मिकों से प्रार्थना पत्र की जांच बाद राजस्व रिकार्ड में संशोधन कर परिवादिया को जनसुनवाई में मौके पर प्रदान की गयी।

# कक्षा 10 बोर्ड के 7 केंद्रों पर कपासन के विद्यार्थियो ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया

बढ़ता राजस्थान




**कपासन ( नि.स. )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के निर्देशन में गुरुवार से कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा का प्रारंभ हुआ।जिसके अंतर्गत ब्लॉक क्षेत्र में 7 परीक्षा केंद्र स्थापित है। जहां बोर्ड परीक्षा देने हेतु 1218 परीक्षार्थी पंजीकृत है।

जानकारी अनुसार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के संयोजन में प्रारंभ बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत ब्लॉक क्षेत्र कपासन में सुरक्षा के माकूल प्रबंध के साथ कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा का प्रारंभ हुआ।जिसके तहत ब्लॉक क्षैत्र कपासन में स्थापित परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों द्वारा उत्साह के साथ भाग लिया गया।इस दौरान क्षैत्र में स्थापित परीक्षा केंद्रों पर विभिन्न संगठनों द्वारा परीक्षार्थियों का स्वागत एवं अभिनंदन के साथ उत्साहवर्धन कर शुभकामनाएं दी गयी। इधर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन गोपाललाल शर्मा ने दैनिक बढ़ता राजस्थान को संपर्क में बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा आयोजित कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा के सुनियोजित आयोजन हेतु ब्लॉक क्षैत्र कपासन में कुल 7 परीक्षा केंद्रों को स्थापित किया गया।जिसमें राजकीय उमा विद्यालय सिंहपुर,राजकीय विद्यालय उमंड़,राजकीय विद्यालय भट्टो का बामनिया,पीएमश्री राजकीय महाराणा उमा विद्यालय कपासन,महात्मा गांधी राजकीय उमा विद्यालय सिंहपुर,राजकीय उमा विद्यालय एवं नवस्वीकृत बोर्ड सेंटर कक्षा 8-10 हेतु राजकीय उमा विद्यालय धमाना सहित कुल 7 बोर्ड परीक्षा केंद्र स्थापित है।जहां 1218 परीक्षार्थी परीक्षा देने हेतु पंजीकृत है।

# बोर्ड परीक्षार्थियों को सिंहपुर में तिलक लगा मांगलिक प्रसाद गुड़ खिलाकर शुभकामनाएं दी

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा गुरुवार से आयोजित बोर्ड की परीक्षा में भाग लेने वाले कक्षा 10 के विद्यार्थियो को शिक्षा एवं सामाजिक सहायता सेवा हेतु संकल्पित मंजुला सर्व सेवा संस्थान सिंहपुर के संयोजन में तिलक लगाकर एवं मांगलिक प्रसाद गुड़ खिलाकर शुभकामनाएं दी गयी।

सेवानिवृत प्रधानाचार्य प्रभुलाल जैन ने बताया की उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंहपुर परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों में लेखनी सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष व पंचायत समिति सदस्य दिनेश पाराशर, भामाशाह भेरूलाल झामड, शिक्षाविद बद्रीलाल समदानी,मोहनलाल झामड, समाजसेवी पवन मारू, महावीर झामड़,पंकज जैन,परीक्षा केंद्र के सीएस डॉ. एलएल झामड़,आनंद कुमार दीक्षित, प्रधानाचार्य यशोदा,सुरेशचन्द्र सुरेडिया, शारीरिक शिक्षक द्वारकाप्रसाद गदिया, नाथूलाल लौहार, बंशीलाल, गोपाल त्रिपाठी, सोनल तलेसरा उपस्थित रहे।

# टी.बी. मुक्त अभियान के तहत स्काउट गाईड के बच्चों को क्षय रोग के प्रति किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( नि.स. ) ।** दिनांक 6 मार्च गुरूवार को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिला स्तरीय स्काउट गाईड रैली कार्यक्रम में जिला पीपीएम समन्वयक शैलेन्द्र भारद्वाज ने बच्चों को क्षय रोग के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि क्षय रोग एक संक्रामक बिमारी है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में हवा के माध्यम से फैलती है। अगर किसी व्यक्ति को लम्बे समय से खांसी है, वजन कम हो रहा है, या बलगम से खून आ रहा है। तो ऐसी स्थिति में उसे अपने निकटतम सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जांच करवानी चाहिए। जिससे के समय पर टीबी रोगी का पता चल सके एवं समय पर ईलाज लेकर स्वस्थ हो सके। जिले के सभी सरकारी संस्थानों में टीबी की जांच एवं उपचार नि:शुल्क है, साथ ही ईलाज के दौरान प्रति माह 1000 रूपये टीबी रोगी को देय होते है। एसटीएस राहुल लखोटिया ने स्काउट गाईड के बच्चो की रैली को सम्बोधित किया। उक्त कार्यक्रम मे सीओ सुरेन्द्र कुमार मेहरडा, सीओ गाइड मधु कुमारी एवं उनकी टीम उपस्थित रही।

# जिला कलक्टर ने तहसील कार्यालय गंगधार का किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने गुरूवार को तहसील कार्यालय गंगधार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने तहसील कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर कार्यव्यवथाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संपरिवर्तन के अवशेष प्रकरणों, खातेदारी अधिकार के शेष प्रकरणों तथा पीडीआर एक्ट के प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण करने के निर्देश तहसीलदार गंगधार को दिए। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक जयप्रकाश अटल, तहसीलदार जतीन दिनकर, थानाधिकारी अमर लाल जोगी उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद मॉडर्न स्कूल में प्रवेश प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी( नि.स. )।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडर्न स्कूल लाखेरी में कक्षा 1 से 8 तक प्रवेश प्रारंभ हो गया है।जिसमें कक्षा 1 से 8 वीं तक 40 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र विद्यालय कार्यालय से लिए जा सकते हैं। जिनके जमा कराने की अंतिम तिथि 17/03/25 तक है। इसके पश्चात राज्य सरकार के आदेश अनुसार चयन सूची का प्रकाशन 21/03/25 को किया जाएगा तथा चयनित आवेदकों से प्रवेश फॉर्म दिनांक 24/03/25 से 29/03/25 तक भरे जाएंगे। साथ ही नवी कक्षा में संभावित रिक्त पदों के लिए आवेदन 17/03/25 तक आवेदन जमा कर सकते हैं इसके उपरांत प्राप्त आवेदन ऑन की परीक्षा 19/03/25 को करवाई जाएगी। चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश फॉर्म 26/03/25 से 29/03/25 तक भरे जा सकते हैं।कक्षा 1 से 9वीं तक की कक्षाओं का पाठ्यक्रम 1अप्रैल से प्रारंभ हो जाएगा।

# जैतसागर नाले से अतिक्रमण हटाकर तुरंत शुरू करवाएं कार्य, जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** जैतसागर नाले के निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने के सबंध में गुरूवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने आरयूआईडीपी एवं नगर परिषद के अधिकारियों के साथ जैतसागर नाले का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर अतिक्रमण के कारण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है, ऐसे अतिक्रमण को हटाया जाकर निर्माण कार्य शुरू करवाया जाए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने संवेदक को निर्देश दिए कि और अधिक टीमें लगाकर कार्य शुरू करवाया जाए और बरसात के मौसम से पहले इसको पूर्ण करने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि अलग-अलग टीमें बनाकर निर्माण कार्य की गति को बढाया जाए। उन्होंने मीरां गेट क्षेत्र, महावीर कॉलोनी, नैनवां रोड पुलिया, मजिस्ट्रेट कॉलोनी, एसपी ऑफिस क्षेत्र में नाले का जायजा लिया। इस दौरान नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, उपखंड अधिकारी एचडी सिंह, नगर परिषद आयुक्त संतलाल मक्कड, आरयूआईडीपी के अधिकारी मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पर्यटन स्थलों पर मिलेगी महिलाओं व बालिकाओं को नि:शुल्क प्रवेश की सुविधा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( नि.स. ) ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस शनिवार 8 मार्च के अवसर पर पुरातत्व व संग्रहालय विभाग के अधीन राजकीय संग्रहालयों एवं स्मारकों में महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा। संग्रहालय अधीक्षक जगदीश वर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बूंदी शहर स्थित सुखमहल, राजकीय संग्रहालय, रानीजी की बावड़ी ओर चौरासी खम्भों की छतरी में महिलाओं व बालिकाओं के लिए प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

# श्री श्वेताम्बर खतारगच्छ महिला मंडल एवं बहु मंडल द्वारा स्नेह मिलन का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** बूंदी के श्री श्वेताम्बर खतारगच्छ महिला मंडल एवं बहु मंडल द्वारा स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिसका संचालन सिंपल भंडारी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में राज भंडारी, सुचिता छाजेड़, पूजा छाजेड़ और अमिता भंडारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान पैदल संघ में जा रहे यात्रियों श्रीमती शिक्षा छाजेड़ और श्रीमती शकुंतला छाजेड़ का सम्मान किया गया। साथ ही, समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए ख्याति भंडारी को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा, भविष्य की गतिविधियों और महत्वपूर्ण कार्यों पर निर्णय लिए गए। नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया, जिसमें शकुन्तला भंडारी, विद्या भंडारी, सिंपल भंडारी, पूजा छाजेड़ और सूरज चौड़ारिया को शामिल किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष शिक्षा छाजेड़, उपाध्यक्ष श्वेता भंडारी, बहु मंडल अध्यक्ष जूली बोहरा, उपाध्यक्ष नम्रता छाजेड़, प्रमिला छाजेड़, शशि चौधरी, सूरज कांता भंडारी, बीना भंडारी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# होली पर बन रहा गजकेसरी योग : वृश्चिक राशि समेत इन पांच राशियों को मिलेगी तरक्की, हो जाएंगे मालामाल, पंडित जगदीश शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** सनातन धर्म में होली का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया जाता है। श्री साकेत पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन किया जाता है और उसके अगले दिन होली खेली जाती है। इस साल 14 मार्च को होली मनाई जाएगी। इस दौरान ग्रहों की विशेष युति से गजकेसरी राजयोग का निर्माण हो रहा है, जो कुछ राशियों के लिए अत्यंत शुभ फलदायी सिद्ध होगा। होली पर बनने वाला गजकेसरी राजयोग इन पांच राशियों के लिए विशेष लाभकारी रहेगा, जिससे उनके जीवन में धन, दौलत और तरक्की के नए अवसर उत्पन्न होंगे।

**मेष राशि :** इस योग के प्रभाव से मेष राशि के जातकों को आर्थिक लाभ होगा। व्यापार में वृद्धि और नए अवसर प्राप्त होंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को प्रमोशन या नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**कर्क राशि :** कर्क राशि के लिए यह योग भाग्योदय कारक होगा। करियर में उन्नति, आय में वृद्धि और अटके हुए धन की प्राप्ति के संकेत हैं। नौकरी में प्रमोशन के योग भी बन रहे हैं।

**कन्या राशि :** इस अवधि में कन्या राशि के जातकों का वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। मेहनत का पूर्ण फल मिलेगा, और करियर में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। परिवार का सहयोग बना रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** गजकेसरी योग वृश्चिक राशि के जातकों के लिए अत्यंत शुभ साबित हो सकता है। इस योग के प्रभाव से गुरु और चंद्रमा की युति सातवें भाव में बन रही है, जिससे हर क्षेत्र में अपार सफलता और तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मीन राशि :** गजकेसरी राजयोग मीन राशि के जातकों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध हो सकता है। इस योग के प्रभाव से गुरु और चंद्रमा की युति तीसरे भाव में बन रही है, जिससे इस राशि के लोगों को प्रसिद्धि और मान-सम्मान मिलने के प्रबल योग बन रहे हैं।

### होलाष्टक 7 मार्च से होलिका दहन तक गृह प्रवेश और विवाह जैसे मांगलिक कार्यों के लिए नहीं रहेंगे मुहूर्त

शुक्रवार, 7 मार्च को फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी है, इस तिथि से होलाष्टक शुरू होगा जो कि 13 मार्च को होलिका दहन के साथ खत्म होगा। इस दौरान मुंडन, गृह प्रवेश, विवाह जैसे मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहते हैं। होलाष्टक के दिनों में मंत्र जप, पूजा-पाठ, दान-पुण्य, तीर्थ दर्शन करने की परंपरा है। श्री साकेत पंचांग सम्पादक पंडित जगदीश शर्मा के मुताबिक, होलाष्टक की आठ रात्रियों का काफी अधिक महत्व है। इन आठ रात्रियों में की गई साधनाएं जल्दी सफल होती हैं। इन रातों में तंत्र-मंत्र से जुड़े लोग विशेष साधनाएं करते हैं। ज्योतिष की मान्यता है कि होलाष्टक के आठ दिनों की अलग-अलग तिथियों पर अलग-अलग ग्रह उग्र स्थिति में रहते हैं। अष्टमी को चंद्र, नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध, चतुर्दशी को मंगल, पूर्णिमा को राहु उग्र स्थिति में रहता है। नौ ग्रहों की उग्र स्थिति की वजह से इन दिनों में मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहते हैं।

### 30 साल बाद दुर्लभ शूल योग बनने से इस बार होलिका दहन भी खास

आचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया की श्री साकेत पंचांगानुसार 30 साल बाद दुर्लभ शूल योग बनने से इस बार होलिका दहन भी खास होने जा रहा है। क्यूंकि पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र, धृति योग के बाद शूल योग, वाणिज करण के बाद बव करण और सिंह राशि के चंद्रमा के साथ होलिका दहन किया जाएगा।

### होलिका दहन वाले दिन रहेगा भद्रा का साया

13 मार्च की शाम को होलिका दहन किया जाएगा। इस दिन पूर्णिमा तिथि रहेगी। 13 मार्च की सुबह करीब 10-20 बजे से रात 11.30 बजे तक भद्रा रहेगी। भद्रा के समय में होलिका दहन नहीं करना चाहिए। इस कारण 13 मार्च की रात 11.30 बजे के बाद 12.30 बजे तक होलिका दहन करना ज्यादा शुभ रहेगा।

# ब्यावर नगर परिषद की अतिक्रमण विरोधी दस्ते की कार्रवाई पर उठे सवाल

## नगर परिषद को केवल यहीं अतिक्रमण दिखा, शेष जगह का क्या.....?

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** नगर परिषद के अतिक्रमण दस्ते ने गुरुवार को अचानक मेगा हाईवे पर नगर परिषद कार्यालय से सिटी सिनेमा तक अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई। इस दौरान नॉन-वेंडिंग ज़ोन में आने वाली दुकानों और ठेलों को हटाकर वहां दोबारा दुकान न लगाने की सख्त हिदायत दी गई। हालांकि, इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई, जिन्होंने इसे गरीब तबके के खिलाफ पक्षपाती कार्रवाई करार दिया।

**स्वास्थ्य निरीक्षक का बयान :** नगर परिषद के स्वास्थ्य निरीक्षक के.सी. मीणा ने बताया कि यह कार्रवाई नगर परिषद आयुक्त के निर्देश पर की गई है। उन्होंने कहा कि आमजन की सुविधा के लिए नॉन-वेंडिंग ज़ोन से अतिक्रमण हटाया गया है और यह अभियान लगातार जारी रहेगा।





### गरीबों पर कार्रवाई, रसूखदारों पर नहीं

*जिन लोगों की दुकानों और ठेलों को हटाया गया, उन्होंने नगर परिषद पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि सिर्फ गरीब दुकानदारों को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि शहर में अवैध निर्माण कर बनाए गए नॉन-वेज रेस्टोरेंट्स पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने सवाल उठाया कि आखिर क्यों नगर परिषद उन बड़े लोगों पर कार्रवाई से बच रही है, जिन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों से मिलीभगत कर अवैध कब्जे कर रखे हैं।*

### पेड़-पौधे बेचने वाली महिला से लेकर तरबूज विक्रेताओं तक पर गिरी गाज

नगर परिषद के स्वास्थ्य निरीक्षक के.सी. मीणा के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई में नाले के किनारे बैठी एक महिला, जो गमलों में पौधे बेचती थी, उसकी दुकान को तोड़ दिया गया। वहीं, एक तरबूज विक्रेता जिसने नगर परिषद की अनुमति से नाले पर बालू रेत डालकर अपना व्यवसाय शुरू किया था, उसकी दुकान हटाकर तरबूज भी नष्ट कर दिए गए। इसके अलावा, फुटपाथ पर चश्मे बेचने वालों को खदेड़ दिया गया और आर.के. मार्केट के बाहर खड़े वाहनों को नजरअंदाज करते हुए आगे बढ़ गए। जुते-चप्पल की अस्थायी दुकानें भी तोड़ दी गई, जबकि सड़क किनारे खुलेआम लटकाए जा रहे नॉन-वेज के प्रदर्शन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### स्थानीय लोगों में आक्रोश

नगर परिषद की इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। उनका कहना है कि सिर्फ गरीब और छोटे दुकानदारों पर ही कार्रवाई की जा रही है, जबकि रसूखदार लोग नगर परिषद की मिलीभगत से सरकारी जमीनों पर अवैध निर्माण कर रहे हैं और उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है, ताकि अतिक्रमण हटाने की यह मुहिम केवल कमजोर वर्ग के खिलाफ न होकर सभी के लिए समान रूप से लागू हो।

---

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

# जिले में शांति, सौहार्द एवं सद्भाव बनाए रखना हम सभी का साझा दायित्व : जिला कलक्टर



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** आगामी त्योहारों एवं पर्वों को देखते हुए जिले में सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक के दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा है कि जिले में शांति, सौहार्द एवं सद्भाव बनाए रखना हम सभी का साझा दायित्व है। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्य जब भी उनके क्षेत्र में कोई धार्मिक आयोजन, उत्सव हो ऐसे में वहां सौहार्द बनाए रखने में मददगार बनें। आगामी दिनों में होलिका दहन, धुलण्डी, ईदुलफितर, रामनवमी, महावीर जयंती, परशुराम जयंती इत्यादि त्योहारों एवं पर्वां को देखते हुए किसी क्षेत्र में कोई सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न न हो इसके लिए समिति के सदस्य नजर रखें तथा उसकी प्रशासन व पुलिस को जानकारी दें। कोई भी व्यक्ति या संस्था किसी भी माध्यम से किसी प्रकार का धार्मिक उन्माद, जातिगत द्वेष या दुष्प्रचार नहीं करेगा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने कहा कि पुलिस आगामी त्योहारों एवं पर्वों को देखते हुए पूर्णत: सतर्क एवं चौकन्ना रहेगी। कानून व्यवस्था को बरकरार रखने हेतु त्यौहारों के अवसर पर गश्त इत्यादि में वृद्धि की जायेगी। उन्होंने कहा कि यद्यपि जिला साम्प्रदायिक दृष्टि से शांतिपूर्ण इतिहास रखता है, पुलिस एवं प्रशासन ऐसे मुद्दों पर नजर रखेगा जो कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए चुनौती हो सकते हैं। कोई भी व्यक्ति, संस्था या जनसमूह किसी भी प्रकार के साम्प्रदायिक विद्वेष उत्पन्न करने वाले आपत्तिजनक व उत्तेजनात्मक नारे नहीं लगायेगा।

बैठक में जिलेभर से आए विभिन्न समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया एवं सभी ने अपने सुझाव शांति समिति की बैठक में दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर डॉ. साधना शर्मा, उपखण्ड अधिकारी बाड़ी भगवत शरण त्यागी, उपखण्ड अधिकारी बसेड़ी सुधा मीना, नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा, सभापति नगर पालिका राजाखेडा वीरेन्द्र सिंह जादौन, मुस्ताक अहमद, अनुराग शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जिला कोटपूतली के मामलों में बाहरी जनप्रतिनिधियों का हस्तक्षेप बर्दाश्त से बाहर : उदयसिंह तंवर

- डीजे कोर्ट की मांग को लेकर अधिवक्ताओं की हड़ताल 23 वें दिन भी रही जारी
- गुरूवार को लगातार 13 वें दिन भी क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल पर बैठे अधिवक्ता

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय एवं इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाये जाने की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में अधिवक्ताओं द्वारा शुरू की गई पेन डाउन हड़ताल व धरना प्रदर्शन स्थानीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में गुरूवार को लगातार 23 वें दिन भी बदस्तुर जारी रही। वहीं विगत 13 दिनों से अधिवक्ताओं की क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल गुरूवार को भी जारी रही। इस दौरान संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर के नेतृत्व में रमाकांत शर्मा, अमरसिंह चौधरी, इस्माईल खान, अमरसिंह यादव, हरिश कौशिक आदि अधिवक्ताओं ने क्रमिक अनशन किया। विगत 23 दिनों से जारी हड़ताल के कारण यहाँ के विभिन्न न्यायालयों में 15 हजार से अधिक मुकदमों की सुनवाई लम्बित हो चुकी है। पक्षकार न्यायालयों से बैरंग वापस लौट रहे है। साथ ही विभिन्न कार्य भी ठप पड़े है। इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन भी किया। इस दौरान बसपा के जिला प्रभारी दीपचंद आर्य व दीवानचंद जोधा एवं सरूण्ड सरपंच ज्योति कंवर ने कोटपूतली में डीजे कोर्ट की मांग को अपना समर्थन देते हुये पत्र सौंपा। वहीं दूसरी ओर अधिवक्ताओं ने मुण्डावर विधायक ललित यादव द्वारा विधानसभा में बहरोड़ में डीजे कोर्ट खोलने को लेकर उठाई गई अनुदान मांग की कड़े शब्दों में निंदा की। वकीलों ने कहा कि जिले के बाहर के जनप्रतिनिधि बौखला चुके है। उनका जिला कोटपूतली के मामलों में दखल देना कतई स्वीकार नहीं है। संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर ने कहा कि मुण्डावर विधायक ललित यादव अपनी विधानसभा को देखे, जबरदस्ती कोटपूतली जिले में अपना हस्तक्षेप ना करें। इसे किसी भी सुरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

इस दौरान अध्यक्ष उदयसिंह तंवर, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह वर्मा, सचिव हेमन्त शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रवक्ता मुकेश यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता रीछपाल सिंह चौधरी व अशोक सैनी, जितेन्द्र रावत, दयाराम खटाना, राजेन्द्र रहीसा, चेतराम रावत, हजारी लाल यादव, राजेन्द्र चौधरी, सागरमल शर्मा, बजरंग लाल शर्मा, नवीन जैफ, अरविन्द गुर्जर, राजाराम रावत, सूर्यकांत मोदी, ओमप्रकाश सैनी, विकास मीणा, विजय सैनी, सुदेश मीणा, पी के जोशी, हरिश चंद चतुर्वेदी, मधुसुदन अग्रवाल, बजरंग लाल शर्मा, रामजीवन भाटिया, पुरूषोत्तम बिदाणी, ओमप्रकाश शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, अमरसिंह पूनियां, कमल प्रसाद शर्मा, अनिल गौड़, नीशू सैनी, सुरेश चंद गुर्जर, रमेश चंद वर्मा, बदलूराम जाट, शिवकुमार शर्मा, रूपेश सेहरा, गोविन्द रावत, हितेश यादव, विकास यादव, योगेश सैनी, अंकित स्वामी, सुशील यादव, दिनेश अग्रवाल, पुष्कर शर्मा, बिलाल अहमद, प्रदीप आर्य, रवि शर्मा, समर यादव, राकेश बडक़ोदिया, रणजीत मीणा, रविन्द्र यादव, प्रेमचंद गुर्जर, सुभाष गुर्जर समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने मत्सूरा में की जनसुनवाई

## जनसुनवाई में बुजुर्ग को सुनने में हुई परेशानी तो जिला कलक्टर ने मौके पर ही श्रवण यंत्र किये प्रदान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने गुरुवार को उपखंड बाड़ी की ग्राम पंचायत मत्सूरा में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में जब परिवादी श्रीराम गुर्जर ने जमाबन्दी में नाम व जाति संशोधन हेतु परिवाद दर्ज कराया तो मौके पर ही रिकॉर्ड में जांच कराकर परिवाद का निस्तारण कराया। वहीं परिवादी राजू द्वारा दर्ज कराये गये राशन कार्ड के आधार सीडिंग मामले का भी मौके पर ही निस्तरण कराया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति के मामलों में जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। छावरी का पुरा के परिवादियों की संयुक्त फरियाद पर जिला कलक्टर ने रास्तों पर से अतिक्रमण हटवाये जाने के मामले में उपखण्ड अधिकारी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान सार्वजनिक हित के कई परिवाद प्राप्त हुए जिन पर जिला कलक्टर ने सभी संबंधित विभागों को समुचित कार्यवाही कर समाधान हेतु निर्देश दिये। जनसुनवाई करते समय जब जिला कलक्टर को बुजुर्ग रामनाथ को कम सुनाई देने का पता लगा तो उन्हांने संवेदनशीलात दिखाते हुए मौके पर ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को संयुक्त सहायता योजना के अन्तर्गत कृत्रिम श्रवण यंत्र मंगवाकर बुजुर्ग को पहनाये, जिसके बाद बुजुर्ग के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। साथ ही वहां मौजूद अन्य आवश्यक लोगों को भी श्रवण यंत्र प्रदान किये गये। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले परिवादों का हर संभव समाधान का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि परिवादियों को सही जानकारी देकर सहानुभूति पूर्वक परिवादों का निस्तारण किया जाये। संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान उपखण्ड अधिकारी बाड़ी भगवत शरण त्यागी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत मालपुरा (जवाजा) में जनसुनवाई आयोजित, समस्याओं का हुआ समाधान

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** ग्राम पंचायत मालपुरा (जवाजा) में जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने विद्यालय के सामने स्पीड ब्रेकर निर्माण, अतिक्रमण हटाने और नई पंचायत स्थापना सहित विभिन्न मुद्दों को उठाया। जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# ब्यावर में सीएलजी बैठक आयोजित, प्रशासन और पुलिस ने सुनी जनसमस्याएं, शांति व सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** समाज और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग स्थापित करने के उद्देश्य से ब्यावर में सामुदायिक संपर्क समूह की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नागरिकों को अपनी समस्याएं रखने और सुझाव देने का अवसर मिला। साथ ही, आगामी त्योहारों को शांति और सौहार्दपूर्वक मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत, पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, सीओ थानाधिकारी राजेश कसाना ने संबोधित किया। समाज के गणमान्य नागरिक व सीएलजी सदस्य, ब्यावर सदर, सुरक्षा सखी, जिला व्यापार संघ, बादशाह मेला समिति के सदस्य, विद्युत, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य व चिकित्सा विभाग के अधिकारी तथा सीएलजी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**त्योहारों की शांति और सुरक्षा पर विशेष जोर :** बैठक के दौरान आगामी दिनों में आने वाले होली, धूलंडी, बादशाह मेला, रमजान, ईद उल फितर, चैत्र नवरात्रि आदि प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से मनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

बादशाह मेले के दौरान ट्रैफिक प्रबंधन, ढीले विद्युत तारों की मरम्मत, असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण, महिलाओं की सुरक्षा, स्कार्फ या चेहरा ढकने पर पाबंदी, नकली गुलाल और हानिकारक पाउडर के उपयोग को रोकने जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत ने कहा कि त्योहार सौहार्द और उल्लास का प्रतीक होते हैं। प्रशासन का प्रयास रहेगा कि सभी त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाए जाएं। नागरिकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, और इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। विशेष रूप से, महिलाओं की सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर ठोस कदम उठाए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आमजन का सहयोग आवश्यक है। त्योहारों के दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने और संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष टीमें तैनात की जाएंगी। प्रशासन ने सभी से आग्रह किया कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी समस्या के समाधान के लिए तुरंत पुलिस व प्रशासन को सूचित करें।

## नाबालिग पीड़िताओं को इनटेक ऑर्गेनिक्स लिमिटेड द्वारा 2.5 लाख की आर्थिक सहायता



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** बिजयनगर की नाबालिग बालिकाओं से संबंधित प्रकरण में समाज ने संवेदनशीलता दिखाते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की है। इनटेक ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के सीएमडी नवांशु सहारण द्वारा ग्राम बिराटिया कलां के माध्यम से कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत कुल 2.50 लाख की सहायता राशि प्रदान की गई।

इस सहयोग के तहत प्रत्येक पीड़िता को 50,000 की आर्थिक मदद दी गई है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत ने इनटेक ऑर्गेनिक्स लिमिटेड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक सहायता पीड़िताओं के भविष्य को संवारने में सहायक सिद्ध होगी और उन्हें संबल प्रदान करेगी। समाज के सहयोग से मिली इस सहायता राशि से पीड़िताओं को उनकी आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस तरह के प्रयास सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होते हैं।

# कुआखेड़े के पास जंगल में लगी अज्ञात कारणों से आग, सूचना पर पहुंची दमकल ने पाया काबू



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखण्ड के डांग क्षेत्र के कुआं खेड़े के पास छाबई का पूरा के जंगल में गुरुवार को दिन में अज्ञात कारणो से आग लग गई। आग की सूचना ग्रामीणों के द्वारा बाड़ी नगर पालिका के फायर स्टेशन को दी गई। जहां से पहुची दमकल ने करीब एक घण्टे में आग पर काबू पाया है। बताया जा रहा है कि उक्त आग जिस क्षेत्र में लगी है वहां 10 से 12 बीघा भूमि की वनस्पति जलकर खाक हुई है साथ में जंगल किनारे किसानों के खेतों में खड़ी फसल सजगता से बच गई है।

मौके पर मौजूद ग्रामीण रामभरोसी गुर्जर ने बताया कि जंगल में एक साइड से अचानक आज दिन में धुंआ उठा था। जब उन्होंने गौर करके देखा तो आग की लपटे निकल रही थी। ऐसे में उन्होंने तुरंत टेर लगाकर ग्रामीणों को एकत्रित किया। वहीं ग्रामीणों द्वारा नगर पालिका के फायर स्टेशन को सूचना दी गई।

कुछ ग्रामीणों ने इंजन से पानी चलाकर आग को आगे नही बढ़ने दिया। ऐसे में करीब आधा घंटे में बाड़ी से नगर पालिका की दमकल दमकल चालक शरीफ खान और फायरमैन सुभाष,मनोज और रविंद्र के साथ मौके पर पहुंची। जहां ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया है । उक्त घटना में 10 से 12 बीघा भूमि की वनस्पति आग की भेंट चढ़ गई है लेकिन ग्रामीणों द्वारा सही समय पर सूचना देने और अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास करने के चलते पास में खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल सुरक्षित है।

# नवजात बच्चों को जरूर कराएं ये एक्सरसाइज शरीर के साथ बच्चे का दिमाग भी रहेगा स्वस्थ



शरीर को सेहतमंद बनाए रखने के लिए एक्सरसाइज बहुत जरूरी होती है। इसीलिए हर उम्र के लोगों को किसी ना किसी तरह से फिजिकली एक्टिविटी करते रहने की सलाह दी जाती है। वहीं कुछ एक एक्सरसाइज नवजात शिशु को भी करवाई जाती हैं। बच्चे के विकास में कुछ प्रभावी तकनीकें सहायता और फ्लेक्सिबिलिटी में सुधार लाने का काम कर सकती हैं। नवजात बच्चे को एक्सरसाइज करवाने से बच्चे की हड्डियां, जोड़ और मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसके साथ ही बच्चे के मोटर स्किल्स को भी मदद मिलती है।

### एक साल से कम उम्र के बच्चे के लिए एक्सरसाइज

बच्चे को पूरा दिन एक्टिव रखने का प्रयास करना चाहिए। आप बच्चे को हर रोज कई तरीकों से एक्टिव रख सकते हैं। उदाहरण के तौर पर घुटनों के बल चलना। यदि बच्चे ने अपने उम्र के हिसाब से अभी तक चलना शुरू नहीं किया है तो आप अपने बच्चे को पुशिंग, उसके सिर का हिलाने, पुलिंग, बॉडी और हाथ-पैरों को स्ट्रेच आदि कुछ एक्टिविटीज करवानी चाहिए।

### बच्चे के लिए टमी टाइम दें

जब बच्चा जागा हुआ हो तो उसे दिनभर में करीब आधे घंटे के लिए टमी टाइम जरूर करवाएं। जब बेबी खुद से मूव करने लगे तो जितना हो सके उतना ज्यादा से ज्यादा खेलने दें और एक्टिव रहने दें।

### बच्चे को ना रखें इनएक्टिव

नवजात बच्चे से लेकर 1 साल तक के बच्चे को सुपरवाईज्ड फ्लोर प्ले जरूर करवाना चाहिए। बच्चे को एक घंटे से अधिक देर तक इनएक्टिव नहीं रखना चाहिए। बता दें कि 1 से 5 साल तक के बच्चों को पूरे दिन में कम से कम 3 घंटे के लिए फिजिकल रूप से एक्टिव रहना चाहिए। वहीं 5 से 17 साल के बच्चों कि पूरे दिन में कम से कम 1 घंटे मॉडरेट से कठिन फिजिकल एक्टिविटीज करनी चाहिए। वहीं सप्ताह में कम से कम 3 दिन ऐसी एक्टिविटीज में हिस्सा जरूर लेना चाहिए, जिससे कि उनकी मांसपेशियां और हड्डियां मजबूत हों।

### बच्चे को कराएं बाईसाईक्लिंग

कई पैरेंट्स अपने बच्चों को कोलिक पेन, कब्ज या गैस आदि से राहत दिलाने के लिए बच्चे के पैरों को साइकिल की तरह चलाते हैं। ये एक्सरसाइज घुटनों, कूल्हों, बच्चे के जोड़ों और पेट की मांसपेशियों के लिए काफी अच्छी रहती है। इससे बच्चों की टांगों में लचीलापन आता है। इसके लिए सबसे पहले आप बच्चे को पीठ के लिए लिटा दें। फिर बच्चे की टांगों को एक-एक कर के अपने हाथों से ऊपर-नीचे करें। यह एक्सरसाइज बच्चों को भी बहुत पसंद होती है।

### क्लाइंब माउंटेन

यदि आपके बेबी ने घुटने के बल चलना शुरू कर दिया है तो क्लाइंब माउंटेन एक्सरसाइज उसके लिए बेहतरीन रहेगी। बेबी को यह एक्सरसाइज कराने के लिए बेड पर कुछ तकिए रख दें। फिर बेबी को उन तकिए के ऊपर से चढ़ कर आने के लिए कहें। यह एक्सरसाइज बच्चों के हाथों-पैरों के जोड़ों को मजबूत बनाने में मदद करती है।

# अनार खाने से सेहत को मिलेंगे कई खास फायदे, जरूर करें डाइट में शामिल

**इस मौसम में कई तरह की फल और सब्जियां मिलते हैं, जो शरीर को हेल्दी रखने के साथ बीमारियों को भी दूर करते हैं। ऐसे में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अनार का सेवन किया जा सकता हैं। अनार पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ शरीर में खून की कमी को भी दूर करता है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, फोलेट, पोटेशियम और विटामिन सी पाया जाता हैं। इसके सेवन से पाचन-तंत्र से जुड़ी समस्याएं दूर होने के साथ इम्यूनिटी भी मजबूत होती हैं। सर्दी में इसके सेवन से शरीर की कमजोरी दूर होती है और शरीर में हीमोग्लोबिन भी बढ़ता हैं। इसे दिन के समय आसानी से खाया जा सकता हैं। यह शरीर में खून के थक्के जमने से रोकता है और हार्ट को भी हेल्दी रखता है।**

### इम्यूनिटी को मजबूत करें

अनार खाने से मौसमी बीमारियों से बचाव होने के साथ शरीर हेल्दी रहता है। इसमें विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो सर्दी में होने वाले संक्रमण जैसे खांसी, जुकाम और बुखार से बचाता हैं। इसके सेवन से अंदरूनी तौर पर इम्यूनिटी मजबूत होती हैं।

### पाचन-तंत्र के लिए फायदेमंद

अगर आप भी पाचन संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं, तो डाइट में अनार को अवश्य शामिल करें। अनार में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो गैस, अपच और पेट की जलन को दूर करता हैं। इसके सेवन से पेट हेल्दी रहने के साथ अल्सर की समस्या में भी फायदा मिलता है।

### एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर

अनार में कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो शरीर की कोशिकाओं को फ्री रेडिक्लस के नुकसान से बचाता हैं। अनार के सेवन से शरीर में कई तरह की बीमारियों के विकास को रोका जा सकता है। अनार में एंटीऑक्सीडेंट्स के साथ शरीर को स्वस्थ रखता है।

### हार्ट के लिए फायदेमंद

हार्ट को हेल्दी रखने के लिए अनार का सेवन



किया जा सकता है। अनार में पॉलीफेनोलिक तत्व पाए जाते हैं, जो हार्ट को हेल्दी रखते हैं। यह खून को पतला करने के साथ हार्ट संबंधी बीमारियों के खतरे को कम करके शरीर को हेल्दी रखता है।


### गुर्दे की पथरी में फायदेमंद

अनार का अर्क गुर्दे की पथरी के निर्माण को कम करने में मदद कर सकता है। इसमें ऑक्सालेट, कैल्शियम और फॉस्फेट पाया जाता हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखता है। सर्दी में अनार के सेवन से तनाव कम होने के साथ सर्दी में होने वाली अर्थराइटिस की समस्या में भी आराम मिलता है।

### सर्दी में अनार को डाइट में कैसे शामिल करें

अनार का सेवन करने के लिए इसका जूस बनाकर पीया जा सकता है। साथ ही वजन को नियंत्रण में रखने के लिए इसे स्नैक्स के रूप में भी खाया जा सकता है। साथ ही इसे लंच में सालद के रूप में भी खाया जा सकता है।

# त्वचा पर ग्लो पाने के लिए अपनाएं ये देसी तरीके, मिलेगा नेचुरल निखार



**मौसम में रूखेपन का कारण स्किन का ग्लो खत्म होने लगता है, अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो केमिकल युक्त क्रीम और मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करने से पहले घरेलू देसी नुस्खे आजमा सकते हैं। ठंड के मौसम में स्किन को हेल्दी रखने के लिए सबसे पहले आप अपने आप को हाइड्रट रखें, इस मौसम में लोग पानी कम पीते हैं, जिसका बुरा असर स्किन पर पड़ता है। ध्यान रखें कि शरीर में पानी की कमी न हो, इसके साथ ही आप सर्दियों में त्वचा पर ग्लो पाने के लिए ये देसी तरीके भी फॉलो कर सकते हैं।**

### हल्दी और दही का फेस पैक

स्किन पर नेचुरल ग्लो पाने के लिए भारत में हल्दी का इस्तेमाल सदियों से होता आ रहा है। हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो त्वचा को ग्लोइंग बनाने में मदद करते हैं तो वहीं दही में मौजूद बैक्टीरिया त्वचा को नमी प्रदान करते हैं। एक चम्मच दही में थोड़ी सी हल्दी मिलाकर इसे स्किन पर लगाएं और 15-20 मिनट के बाद धो लें। एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर हल्दी स्किन की क्लीन करने में मदद करेगी। इस पैक के इस्तेमाल से त्वचा में निखार आता है और दाग-धब्बे भी कम हो सकते हैं।

### बादाम और शहद का फेस पैक

विटामिन ई से भरपूर बादाम और शहद का फेस पैक लगाने से त्वचा पर निखार और चमक आती है। शहद त्वचा को मुलायम बनाए रखता है। आधा चम्मच बादाम पाउडर में शहद मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 15 से 20 मिनट के बाद ताजे पानी से चेहरा साफ करें। इसमें पाए जाने वाले ओमेगा-3 फैटी एसिड त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं, जो रूखापन कम करके चमक बढ़ाते हैं। शहद के साथ आप दही मिलाकर भी स्किन पर मसाज कर सकते हैं। सर्दियों में शहद और दही के पेस्ट से स्किन पर मसाज करने से ड्राई स्किन की समस्या दूर होगी और स्किन मुलायम बनेगी। दही में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल गुण स्किन को हेल्दी रखने में मदद करेंगे।

### दूध और बेसन स्क्रब

सर्दियों में स्किन को एक्सफोलिएट करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप घर में दूध और बेसन का इस्तेमाल करके नेचुरल स्क्रब तैयार कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए 1 चम्मच बेसन के साथ जरूरत अनुसार दूध मिलाकर पेस्ट तैयार करें और फिर इससे स्क्रब करें बाद में पानी से साफ करके मॉइश्चराइजर लगाएं। दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड त्वचा को नरम बनाए रखता है और बेसन रूखी त्वचा को साफ करने में मदद करता है।

### एलोवेरा और गुलाब जल

गुलाब जल में त्वचा को ठंडक प्रदान करने वाले गुण होते हैं और यह रूखी त्वचा को मुलायम बनाए रखने में भी मदद करता है। गुलाब जल के साथ ताजा एलोवेरा जेल मिलाकर चेहरे की मसाज करने से स्किन मुलायम होगी और चेहरे की गंदगी भी साफ होगी।

# पॉजिटिव एटीट्यूट लाने के लिए अपनाएं ये टिप्स, मेंटल हेल्थ के लिए यह क्यों जरूरी है?

**किसी भी चीज को देखने का नजरिया हमारे अंदर के एटीट्यूट को दर्शाता है। यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालता है। इससे पता चलता है कि आप किसी कंडीशन को कैसे हैंडल कर पाते हैं या कैसे खुद को कैसे प्रेजेंट करते हैं, ये सभी चीजें हमारे पॉजिटिव एटीट्यूट में गिनी जाती हैं। अगर आप पॉजिटिव एटीट्यूट रखते हैं, तो आपको मुश्किल से मुश्किल कंडीशन से आसानी से निकलने में मदद मिल पाएगी। अगर हर चीज को पॉजिटिव तरीके से देख और समझ पाएंगे, साथ ही खुद को बेहतर इंसान भी बना पाएंगे।**

### खुद को एनालाइज करें

आपको खुद को बारीकी से एनालाइज करना होगा कि आप किन चीजों को लेकर निगेटिव महसूस करते हैं। जो भी चीजें आपकी लाइफ में निगेटिव हैं, उनसे दूरी बनाए रखें। इससे आपमें कॉन्फिडेंस बढ़ेगा और आप चीजों को पॉजिटिव तरीके से देख पाएंगे।

### खुद से पॉजिटिव बाते कहें

जब भी आपके माइंड में निगेटिव बातें या निगेटिव ख्याल आएं, तो उसे पॉजिटिव नजरिये से देखना शुरू करें। जैसे कि अगर आज जिंदगी में सभी चीजें खराब चल रही हैं, तो कल पॉजिटिव भी होगा। इससे आपके लिए बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना करना भी आसान हो जाएगा।

### आभार व्यक्त करें

अगर हम किसी भी चीज के लिए खुशी या आभार व्यक्त करते हैं, तो इससे हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आपको जिंदगी में जिन लोगों या जिन चीजों से मदद मिली है, उनके लिए आभार व्यक्त करें। ऐसा करने से आपके मन में पॉजिटिव फीलिंग बढ़ेगी और आप ज्यादा सुकून और कॉन्फिडेंट महसूस कर पाएंगे।

### तनाव से दूरी बनाए रखें

ज्यादा स्ट्रेस बढ़ने से आपकी मानसिक स्थिति पर बुरा असर पड़ सकता है। ऐसे में आपमें निगेटिव फीलिंग ज्यादा बढ़ सकती है, जो आपका आत्मविश्वास कम कर सकती हैं, इसलिए तनाव से दूरी बनाए रखें। इसके लिए आप माइंडफुलनेस और स्ट्रेस मैनेजमेंट टेक्निक पर काम कर सकते हैं। इसके साथ ही सेल्फ एनालाइज और

### पॉजिटिव सोच वाले लोगों के आसपास रहें

हमारे वातावरण का भी हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। अगर आप सकारात्मक सोच वाले लोगों के आसपास रहेंगे, तो इससे आपमें में पॉजिटिव एटीट्यूट बना रहेगा। लेकिन वहीं अगर आप निगेटिव सोच वाले लोगों के ज्यादा करीब रहेंगे, तो आपमें में नकारात्मक भावना अपने आप बढ़ने लगेगी।

### नई चीजें सीखने पर काम करें

नई चीजें सीखने से आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा और आप ज्यादा पॉजिटिव महसूस कर पाएंगे। इसलिए अपनी स्किल्स बढ़ाने पर काम करें और नई-नई चीजें सीखना शुरू करें, इससे आपको खुद को समझने में भी मदद मिल पाएगी।



RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# राजस्थान के 15 जिलों में उत्तरी हवाओं से लुढ़का पारा

## फतेहपुर में 4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान; 48 घंटे बाद फिर बदलेगा मौसम



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उत्तर भारत से चल रही सर्द हवाओं से राजस्थान में रात में पारा कई शहरों में गिरकर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया। इससे इन शहरों में एक बार फिर सुबह-शाम की सर्दी तेज हो गई। दिन में आसमान साफ और तेज धूप रहने से लोगों को सर्दी से राहत रही। सुबह-शाम की तेज सर्द हवाओं का दौर आज भी जारी रहेगा। 7 मार्च से उत्तरी हवाएं कमजोर होने लगेगी और तापमान फिर से बढ़ने लगेगा। पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम देखे तो कल पूरे दिन आसमान साफ रहा और दिनभर सर्द हवाएं राजस्थान के कई शहरों में चली। इससे पहले पाली, झुंझुनूं, दौसा, माउंट आबू, करौली, फतेहपुर, सिरोही, हनुमानगढ़, बारां, नागौर, चूरू, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, सीकर, टोंक और भीलवाड़ा में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। कल सबसे कम तापमान सीकर के पास फतेहपुर में 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### दिन में आसमान साफ, तापमान में मामूली बढ़ोतरी

सुबह-शाम सर्द हवाएं चलने और तापमान गिरने से बढ़ी सर्दी से लोगों को दिन में राहत रही। दिन में कल राज्य के सभी शहरों में आसमान साफ रहा और तेज धूप निकली। बाड़मेर, जैसलमेर, डूंगरपुर में कल अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। सबसे अधिक तापमान कल बाड़मेर में 31.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### आज भी जारी रहेगी सर्द हवाएं

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राजस्थान में सर्द हवाओं का असर आज भी रहने की संभावना जताई है। 7 मार्च से इन हवाओं के कमजोर होने और तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। 8 मार्च के बाद राजस्थान के शहरों में दिन गर्म होने लगेंगे और रात में भी सर्दी कम होने लगेगी। अगले एक सप्ताह तक राज्य में मौसम बिल्कुल साफ रहने की संभावना है।

# भैयाजी जोशी बोले- मुंबई के हर हिस्से की भाषा अलग

## आरएसएस नेता ने कहा-मराठी जानना जरूरी नहीं; उद्धव बोले- देशद्रोह का केस दर्ज हो



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक भैयाजी जोशी के मराठी भाषा पर दिए बयान को लेकर विवाद हो गया है। मुंबई में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि मुंबई में एक भाषा नहीं है। मुंबई के हर हिस्से की अलग-अलग भाषा है। घाटकोपर इलाके की भाषा गुजराती है। इसलिए अगर आप मुंबई में रहते हैं, तो यह जरूरी नहीं है कि आपको मराठी सीखनी पड़े। हर किसी को मराठी जानना जरूरी नहीं है। इस पर शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे ने जोशी पर देशद्रोह का मामला दर्ज किए जाने की मांग की है। वहीं, उनके बेटे आदित्य ठाकरे ने कहा- बाहर से लोग हमारे राज्य में आते हैं और यहां बस जाते हैं। इस भूमि की भाषा मराठी है, जैसे तमिलनाडु में तमिल और कर्नाटक में कन्नड़ है। भाजपा की विचारधारा महाराष्ट्र का अपमान करना है। जोशी बोले- टिप्पणी का गलत मतलब निकाला गया विवाद बढ़ने पर जोशी ने कहा कि उनकी टिप्पणी का गलत मतलब निकाला गया। महाराष्ट्र की भाषा मराठी है। मुंबई महाराष्ट्र में है और स्वाभाविक रूप से मुंबई की भाषा मराठी है। भारत में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं। मुंबई में भी अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले लोग रहते हैं। इसलिए यह स्वाभाविक है कि वे यहां आएं और मराठी सीखें, समझें और पढ़ें।

# जयपुर में कोचिंग छात्रा से ब्लैकमेलिंग, 10 लाख की डिमांड

## दोस्ती कर क्लासमेट ने लिए फोटो-वीडियो, एडिट कर वायरल करने की धमकी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में एक कोचिंग छात्रा को ब्लैकमेल कर 10 लाख रुपए की डिमांड करने का मामला सामने आया है। दोस्ती कर ब्लैकमेलर क्लासमेट ने उसके फोटो-वीडियो ले लिए। फोटो-वीडियो को एडिट कर वायरल करने की धमकी दी। बजाज नगर थाने में पीड़ित कोचिंग छात्रा के पिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसआई(बजाज नगर) ममता मीना कर रही हैं।

पुलिस ने बताया- जयपुर ग्रामीण की रहने वाले व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उनकी बेटी बजाज नगर इलाके में रहकर कोचिंग की पढ़ाई कर रही है। आरोप है कि साल-2017 में साथ कोचिंग पढ़ने के कारण आरोपी से जान-पहचान हो गई। क्लासमेट होने के कारण बातचीत के दौरान दोनों में दोस्ती हो गई। दोस्त होने का फायदा उठाकर आरोपी क्लासमेट ने कोचिंग छात्रा के फोटो-वीडियो ले लिए।

आरोपी क्लासमेट फोटो-वीडियो को एडिट कर वायरल करने की धमकी दी। बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर 10 लाख रुपए की डिमांड करने लगा। रुपए नहीं देने पर एडिट फोटो-वीडियो वायरल करने की लगातार धमकियां देने लगा। ब्लैकमेलिंग के टॉर्चर से परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। बजाज नगर थाने पहुंचे पीड़िता के पिता ने आरोपी क्लासमेट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# उत्तराखंड में किसी सीजन में टूरिज्म बंद नहीं होगा, ठंड में घाम तापो पर्यटन के लिए आएं : मोदी

उत्तरकाशी। बढ़ता राजस्थान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को उत्तराखंड दौरे पर हैं। पीएम सबसे पहले उत्तरकाशी के मुखवा पहुंचे। मुखवा को मां गंगा का मायका कहा जाता है। यहां उन्होंने मां गंगा के मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद बाइक रैली को रवाना किया। पीएम ने यहां व्यू पॉइंट से हर्षिल घाटी देखी।

जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि ठंड में जब देश के बड़े हिस्से में कोहरा होता है, सूर्य के दर्शन नहीं होते, तब पहाड़ों पर धूप होती है। ऐसे में कई लोग यहां धूप सेंकने आ सकते हैं। इसके लिए घाम तापो (धूप सेंको) पर्यटन हो सकता है। मैं कंपनियों से कहना चाहता हूं कि वे अपने बड़े-बड़े सेमिनार, कॉन्फ्रेंस के लिए उत्तराखंड आएं। पीएम बनने के तीसरे कार्यकाल में मोदी का यह उत्तराखंड का दूसरा दौरा है। इससे पहले वे 28 जनवरी को 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करने उत्तराखंड आए थे। उत्तराखंड सरकार ने इस साल शीतकालीन पर्यटन शुरू किया है। ष्टरूपुष्पेंद्र धामी ने कहा - इस दौरे से अर्थव्यवस्था, होमस्टे टूरिज्म, बॉर्डर एरिया के गांव के डेवलपमेंट को गति मिलने की उम्मीद है।



### पीएम बनने के बाद मोदी 5 बार केदारनाथ जा चुके हैं

- **20 अक्टूबर 2017-** मोदी पहली बार केदारनाथ गए थे।
- **7 नवंबर 2018-** मोदी दूसरी बार केदारनाथ पहुंचे।
- **2019-** पीएम तीसरी बार केदारनाथ आए। यहां उन्होंने गुफा में ध्यान लगाया था।
- **5 नवंबर 2021-** पीएम चौथी बार केदारनाथ पहुंचे।
- **21 अक्टूबर 2022-** मोदी केदारनाथ-बद्रीनाथ पहुंचे।
- **12 अक्टूबर 2023-** पीएम ने मानसखंड (जागेश्वर-आदि कैलाश) का दौरा किया।
- **8 दिसंबर 2023-** उत्तराखंड की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल हुए थे।
- **28 जनवरी 2025-** पीएम ने देहरादून में राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया था।

### मोदी के संबोधन की बड़ी बातें

- अब किसी भी सीजन में उत्तराखंड का टूरिज्म ऑफ नहीं, ऑन रहेगा। धार्मिक यात्रा के लिए उत्तराखंड मे सर्दियों का मौसम सबसे बेस्ट है।
- उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए डबल इंजन सरकार तेज गति से काम कर रही है।
- उत्तराखंड के विकास के लिए 2 रोपवे प्रोजेक्ट को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है।
- 1962 में चीन ने उत्तराखंड के जादुंगांव और माणा गांव को खाली करा दिया गया था। 60-70 साल तक उस गांव को किसी ने नहीं ध्यान दिया, लेकिन हमने उसको फिर से बसाने का काम किया।
- 2014 से पहले 4 धाम यात्रा पर औसतन 18 लाख यात्री आते थे, अब 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालु आते हैं।
- पहले सीमावर्ती गांवों को आखिरी गांव कहा जाता था, लेकिन हमने प्रथम गांव का दर्जा दिया।
- जब सर्दियों में देश के बड़े हिस्से में कोहरा होता है, धूप नहीं निकलती, तब पहाड़ों पर धूप का आनंद मिल रहा होता है। इसे गढ़वाली में घाम तापो पर्यटन कहेंगे।
- मैं नौजवान साथियों से कहूंगा कि विंटर टूरिज्म और डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उत्तराखंड आएं।
- कंटेन्ट क्रीएटर्स भी देवभूमि उत्तराखंड की सेवा कर सकते हैं।




# भारत के युवा विश्व में नवाचार और अनुसंधान में अग्रणी भूमिका निभाएंगे : लोकसभा अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत के ऊर्जावान और दूरदर्शी युवा पूरी दुनिया में इनोवेशन और रिसर्च में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। अध्यक्ष महोदय ने भारतीय महिलाओं की अद्वितीय शक्ति और सामर्थ्य की सराहना करते हुए कहा कि भारत की प्रगति और विकास में महिलाएं अग्रणी हैं । उन्होंने कहा कि आज महिलाएं व्यापक अवसरों का लाभ उठाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं और आशा व्यक्त की कि निकट भविष्य में वे देश में पथप्रदर्शक के रूप में उभरेंगी।

बिरला ने दिल्ली विश्वविद्यालय के सुप्रसिद्ध राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित बिजनेस कॉन्क्लेव में छात्रों और अन्य आमंत्रित व्यक्तियों को संबोधित करते हुए ये विचार साझा किए। तकनीकी प्रगति के बारे में बात करते हुए, बिरला ने स्वीकार किया कि तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकी हमारे दृष्टिकोण को व्यापक करती है। परंतु, उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि तकनीकी क्रांति को अपनाते हुए हमें इसके सामाजिक पहलू और इससे उत्पन्न होने वाली चुनौतियों के बारे में सचेत रहना चाहिए। नवाचार और अनुसंधान में भारत की बढ़ती कुशलता के बारे में बात करते हुए, बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत जल्द ही दुनिया में परिवर्तन और प्रगति का अग्रदूत होगा और भारत के युवा और महिलाएं निस्संदेह दुनिया के भविष्य को निर्धारित करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने युवाओं की अपार क्षमता का जिक्र करते हुए उन्हे इस वैश्विक परिवर्तन का ध्वजवाहक बनने का आह्वान किया । बिरला ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के वर्तमान युग में छात्रों को रचनात्मकता और विशाल दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को यह संदेश भी दिया कि असफलता सफलता की जननी है, तथा दृढ़ संकल्प और परिश्रम ही सफलता का मार्ग है। अपने निजी अनुभवों को साझा करते हुए, बिरला ने विद्यार्थी जीवन को जीवन का स्वर्णिम चरण बताया और कहा कि इस समय उनके पास असीम अवसर और संभावनाएँ हैं । उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे शीघ्र अपनी दिशा तय करें, लक्ष्य निर्धारित करें और दृढ़ संकल्प के साथ उन्हें प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि अपने सपनों को पूरा करने के लिए महत्वाकांक्षा के साथ ही दृढ़ निश्चय और अटल इरादे की जरूरत होती है। बिरला ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे संसाधनों की कमी को अपनी प्रगति में बाधा न बनने दें।

# वित्त राज्य मंत्री ने केंद्रीय बजट 2024-25 में घोषित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के लिए नया क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल आरंभ किया




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** विशाखापत्तनम में बजट उपरांत संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम-एमएसएमई के लिए ऑनलाइन डेटाबेस आधारित नया क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल आरंभ किया। केंद्रीय बजट 2024-25 में इसकी घोषणा की गई थी। इसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक बाह्य मूल्यांकन पर निर्भरता की बजाय एमएसएमई क्षेत्र को ऋण देने में अपनी आंतरिक क्षमता विकसित करेंगे। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अर्थव्यवस्था में एमएसएमई के ऑनलाइन डेटाबेस स्कोरिंग के आधार पर नया ऋण मूल्यांकन ढांचा विकसित करेंगे। ऋण मूल्यांकन ढांचा पारिस्थितिकी तंत्र में डिजिटल और सत्यापन योग्य उपलब्ध डेटा का इस्तेमाल करेगा और सभी ऋण आवेदनों के लिए निष्पक्ष निर्णय तथा बैंक के मौजूदा और नए एमएसएमई ऋणप्राप्तकर्ताओं के लिए ढांचा-आधारित सीमा मूल्यांकन के उपयोग से स्वतः ऋण मूल्यांकन करेगा। ऑनलाइन डेटाबेस में इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रतिभूतियों को रखने और स्थानांतरित करने के सुरक्षित और प्रभावी उपाय - नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड के उपयोग से नाम और पैन प्रमाणीकरण, ओटीपी द्वारा मोबाइल और ईमेल सत्यापन, सेवा प्रदाताओं द्वारा जीएसटी डेटा एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफ़ेस, खाता एग्रीगेटर द्वारा बैंक स्टेटमेंट विश्लेषण, इनकम टैक्स रिटर्न अपलोड और सत्यापन, एपीआई सक्षम वाणिज्यिक और उपभोक्ता जानकारी तथा क्रेडिट सूचना कम्पनियों द्वारा धोखाधड़ी जांच, एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफ़ेस द्वारा घाटे कम करने और खराब ऋण नियंत्रित करने की हंटर जांच आदि शामिल होंगे।

# दीया कुमारी को वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान की उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी को पेसिफिक एशिया ट्रैवल राइटर्स एसोसिएशन की ओर से 'वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर, इंडिया' सम्मान से नवाजा गया। उन्हें यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड आईटीबी बर्लिन, जर्मनी में सेशेल्स के पूर्व पर्यटन मंत्री, डॉ. एलन सेंटएन्ज की ओर से प्रदान किया गया।

इस सम्मान को पर्यटन विभाग के अधिकारी अपर निदेशक आनंद त्रिपाठी और उप निदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने उप मुख्यमंत्री की ओर से ग्रहण किया। यह पुरस्कार राजस्थान सरकार की ओर से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया है।

## बर्लिन में आईटीबी ट्रैवल एक्सपो में किया सम्मानित, उप निदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने किया ग्रहण



### राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास

राजस्थान सरकार, केंद्र सरकार के साथ मिलकर पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है। पर्यटन विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर राजस्थान की ब्रांडिंग की जा रही है, जिससे प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत पहचान मिल रही है।

पीएटीडब्ल्यू दुनिया के प्रमुख पर्यटन संगठनों में से एक है, जो पर्यटन विकास, प्रबंधन और प्रमोशन के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करता है। इस अवॉर्ड के तहत राजस्थान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर पर्यटन गंतव्य के रूप में मान्यता मिली है।

# नर्सिंग ऑफिसर्स को बड़ी राहत:4000 नई भर्तियां होंगी

## ठेका प्रथा भी होगी खत्म; डिप्टी सीएम का यूनियन ने जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में नर्सिंग ऑफिसर्स के लिए बड़ी खुशखबरी है। राज्य सरकार ने 4000 नए पदों पर भर्ती को वित्त विभाग की मंजूरी दे दी है। साथ ही ठेका प्रथा को भी समाप्त करने का निर्णय लिया है।

राजस्थान नर्सिंग ऑफिसर यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने डिप्टी सीएम दिया कुमारी को वीर तेजाजी महाराज की तस्वीर भेंट कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि बजट 2024-25 में 4000 नर्सिंग ऑफिसर पदों को वित्त विभाग ने मंजूरी दी है। बजट 2025-26 में निविदा कर्मचारियों के लिए राजकीय संस्था का गठन किया जाएगा। यह यूनियन की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। प्री बजट संवाद कार्यक्रम में जयपुर में यूनियन ने यह प्रस्ताव रखा था। प्रदेशाध्यक्ष चौधरी ने डिप्टी सीएम को बताया कि प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से मेडिकल कॉलेजों और सीएमएचओ के अधीन कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर मात्र 7,900 रुपये प्रतिमाह वेतन पर काम कर रहे हैं। यह वेतन सफाई कर्मचारियों से भी कम है। यूनियन ने मांग की है कि निविदा नर्सिंग ऑफिसर्स को सेवा से न हटाकर राजकीय संस्था CSR रूल्स 2022 में शामिल किया जाए। साथ ही नर्सिंग ऑफिसर के पदों को बढ़ाकर 13,500 किया जाए। पूर्व की भर्तियों की तरह आगामी भर्तियां भी मेरिट बोनस से की जाएं और निविदा नर्सिंग ऑफिसर्स को राजमेस की भर्तियों में प्राथमिकता दी जाए।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. ) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )